RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-218 जयपुर, मंगलवार, 10 फरवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

**बजट सत्र:** लोकसभा में भारी हंगामा, विपक्ष ने दिखाए आक्रामक तेवर

## स्पीकर के खिलाफ ला सकता हैं अविश्वास प्रस्ताव

### राहुल बोले- स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे

### रिजिजू बोले-कोई कमिटमेंट नहीं

नई दिल्ली




लोकसभा में लगातार गतिरोध जारी हैं, आक्रोशित विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन स्पीकर संध्या राय ने सभी सांसदों से आम बजट 2026 पर चर्चा करने की अपील की। हालांकि, इसी बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सवाल किया कि क्या उन्हें बोलने का मौका दिया जाएगा? इस पर पीठासीन स्पीकर ने कहा कि बिना नोटिस के चर्चा का कोई प्रावधान नहीं है। बजट पर स्पीकर की तरफ से जो नियम और निर्देश निर्धारित किए गए हैं, उन्हीं के तहत चर्चा होगी। बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं।

3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं।

राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं।

इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। न्यूज एजेंसी द्धहस्र ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। यह प्रस्ताव पेश करने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है। इसके लिए सदन में 14 दिन पहले लिखित नोटिस देना होता है।

### राहुल बोले- सरकार बहस से डर रही है

राहुल गांधी ने कहा कि नरवणे की किताब के मुद्दे पर सरकार ने उन्हें बार-बार बोलने नहीं दिया और सदन रोक दिया। पहले किताब, फिर मैगज़ीन को कोट करने से रोका गया। रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी रुश्चक्र और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। वहीं सत्तापक्ष के एक सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष के सदस्यों को सस्पेंड किया गया। उन्होंने कहा कि यह झूठ फैलाया गया कि विपक्ष प्रधानमंत्री को धमकी दे रहा था। सच यह है कि प्रधानमंत्री सच से डरकर सदन नहीं आए। अगर किसी ने धमकी दी है तो FIR कर गिरफ्तार करें। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार बहस से डर रही है। खासकर बजट, US डील और किसानों पर उसके असर पर बात करने से।

### बजट सत्र के दूसरे चरण में अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है विपक्ष

*विपक्षी पार्टियां लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि लोकसभा स्पीकर सदन में पक्षपात करते हैं। विपक्ष ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है, जब विपक्ष आरोप लगा रहा है कि राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे पर संसद में बीते कई दिनों से हंगामा हो रहा है। लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष में नाराजगी बढ़ने की एक अन्य वजह उनका एक बयान है, जिस पर भी खासा विवाद हो रहा है।*

### कांग्रेस महिला सांसदों ने स्पीकर को लेटर लिखा

लेटर में लिखा गया- हम यह पत्र बहुत दुख और संवैधानिक जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ लिख रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप, लोकसभा के स्पीकर और इस सम्मानित सदन के संवैधानिक संरक्षक होने के नाते, सत्ताधारी पार्टी द्वारा विपक्ष की महिला सांसदों, खासकर इंडियन नेशनल कांग्रेस की महिला सांसदों के खिलाफ झूठे, बेबुनियाद और मानहानिकारक आरोप लगाने के लिए मजबूर किए गए हैं।

## रोडवेज बस के कुचलने से तीन महिलाओं की मौत



श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में रोडवेज बस ने स्कूटी से जा रही तीन महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में तीनों महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक महिला 6 महीने की गर्भवती थी। दो उसके साथ में उसका अल्ट्रासउंड कराने जा रही थीं।

टक्कर लगते ही तीनों स्कूटी समेत बस के नीचे चली गईं। तेज रफ्तार बस तीनों को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। ई-स्कूटी चकनाचूर हो गई। दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गर्भवती महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना रायसिंहनगर में केवी स्कूल के पास दोपहर करीब 3 बजे हुई। मृतक महिलाओं की पहचान सुमन (28), पिंकी (23) और रेशमा (29) के रूप में हुई है। तीनों महिलाएं एक ही परिवार की बताई जा रही हैं।

**भारत माला रोड पर चढ़ते ही बस ने मारी टक्कर**

रायसिंहनगर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया- रेशमा 6 महीने की प्रेग्नेंट थी। वह अपने परिवार की सुमन और पिंकी के साथ ई-स्कूटी से रायसिंहनगर अल्ट्रासाउंड करवाने जा रही थी। जैसे ही उन्होंने भारत माला रोड पर स्कूटी को मोड़ा तभी रायसिंहनगर से बीकानेर जा रही रोडवेज बस ने सामने से स्कूटी को टक्कर मार दी। बस की स्पीड इतनी तेज थी कि तीनों महिलाएं बस के नीचे आ गईं और बस तीनों को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई ।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा, 15 फरवरी को मुकाबला

नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात को अपने ङ्ग अकाउंट से पोस्ट करके यह जानकारी दी।

पोस्ट में बताया गया कि प्रधानमंत्री शहबाज को श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने फोन करके भारत से मैच खेलने की अपील की थी। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने भी PCB से मैच खेलने की सिफारिश की थी।

दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर करने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत से होने वाले मुकाबले का बायकॉट करने का ऐलान किया था। हालांकि, बाकी मैच खेलने पर सहमति जताई थी।

पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके के बीच फोन पर बातचीत हुई। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने श्रीलंका में प्रस्तावित भारत-पाक मैच खेलने का अनुरोध किया।

## पंजाब में एकतरफा प्यार में लॉ स्टूडेंट की हत्या

### क्लासरूम में घुसकर छात्रा के सिर में गोली मारी, खुद को भी शूट किया

तरनतारन

पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है, वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं, आरोपी छात्र तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है, वह



भी छात्रा के साथ पढ़ता था। पुलिस ने लॉ कॉलेज को सील कर दिया है, साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

हीं लड़की की मां ने आरोप लगाया कि कॉलेज से उन्हें कहा गया कि छोटा सा झगड़ा हुआ और उनकी बेटी को चोट लगी है। वह कॉलेज पहुंचे तो बेटी मरी पड़ी थी।

पुलिस जांच के मुताबिक मामला एकतरफा प्यार का है। लड़की की सगाई हो चुकी थी लेकिन लड़का इससे नाराज था और उस पर शादी का दबाव डाल रहा था। कत्ल से जुड़ा कॉलेज के क्लासरूम का सीसीटवी फुटेज सामने आया है। सोमवार सुबह 9 बजकर 16 मिनट पर क्लासरूम में सामान्य क्लास का माहौल है। तब क्लास में पढ़ाई स्टार्ट नहीं हुई थी। सभी स्टूडेंट क्लास में ही घूम रहे थे।

वह अपने बैग में से पिस्टल निकालता है। इसके बाद वह छात्रा के सिर से पिस्टल सटाकर गोली मार देता है। गोली लगते ही छात्रा नीचे गिर पड़ती है। यह देख उसके साथ खड़ी सहेली भी हक्की-बक्की रह जाती है।

## लॉरेंस के भाई के नाम से रंगदारी के लिए व्यवसायियों को मिली दो करोड़ की धमकी

जोधपुर

शहर के दो कारोबारियों को लारेंस के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी के लिए धमकी मिली है। कारोबारियों ने पुलिस आयुक्त का इस बारे में बताया और अब चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में रिपोर्ट दी है। कॉलिंग के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल किया है। आरोपितों ने दो दिन में 2 करोड़ रंगदारी मांगी है अन्यथा अंजाम भुगतने को कहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया और कहा-जीना चाहते हो तो दो दिन में पैसे तैयार रखो, दो दिन बाद फिर कॉल करूंगा। बताया गया धमकी इतनी गंभीर थी कि दोनों कारोबारी घबरा गए और तुरंत पुलिस की शरण में पहुंचे। खतरे की आशंका को देखते हुए पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देश पर दोनों व्यवसायियों दीपक और मनीष को सुरक्षा के लिए दो गनमैन उपलब्ध कराए गए हैं। शास्त्री नगर के विजय नगर निवासी व्यवसायी दीपक और मनीष के मोबाइल पर 6 फरवरी की रात 10 बजे इंटरनेट कॉल (वीपीएन के जरिए) आए।

**बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ाई**

## सुप्रीम कोर्ट बोला-एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है।



वहीं चुनाव आयोग ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई FIR नहीं हुई। कोर्ट ने बंगाल के DGP से जवाब मांगा है। DGP से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है।

4 फरवरी को हुई सुनवाई में सीएम बनर्जी ने अदालत में दलीलें पेश की थीं। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में पहली बार किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर सीएम के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं।

वेस्ट बंगाल सरकार को मंगलवार शाम 5 बजे तक उन 8,505 अफसरों की लिस्ट जमा करने का निर्देश दिया, जिन्हें वह तैनात करने का प्रस्ताव दे रही है। चुनाव आयोग को इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (EROs) और AEROs को बदलने और जरूरत पड़ने पर इन अधिकारियों की सर्विस लेने का अधिकार दिया गया।

## आरपीएससी के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा को जमानत

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा, फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा

जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरपीएससी के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा को जमानत दे दी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कटारा को अंतरिम जमानत देते हुए राज्य सरकार से मामले में अब तक की जांच और अन्य पहलुओं पर 2 सप्ताह में जवाब मांगा है।

हालांकि जमानत मिलने के बाद भी फिलहाल कटारा को जेल में ही रहना पड़ेगा, क्योंकि वह एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले और ईडी मामले में भी गिरफ्तार है।

याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर वकील विवेक जैन ने पैरवी की। उन्होंने कहा- गिरफ्तारी के समय कटारा से कोई भी आपत्तिजनक बरामदगी नहीं हुई। किसी भी आरोपी को अनिश्चितकाल तक जेल में नहीं रखा जा सकता। जांच एजेंसी ने केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप लगाए हैं और उनसे कोई बरामदगी नहीं हुई है।

## हम खेजड़ली की तरह शहीद होने को तैयार: विश्नोई

### बोले- संतों ने आदेश खारिज किया, कटाई नहीं रुक रही, हम सरकार का विश्वास कैसे करें

बीकानेर

बीकानेर में चल रहे खेजड़ी बचाओ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे रामगोपाल बिश्नोई ने कहा कि संतों को वार्ता के लिए जयपुर भेजा गया था। आज संतों ने वापस आकर बताया कि संभागीय आयुक्त के माध्यम से एक आदेश जारी किया जा रहा है। संतों ने इस आदेश को आज सिरे से खारिज कर दिया है। आंदोलन को जारी रखने की सलाह दी है।



**खेजड़ी काटी जा रही**

बिश्नोई ने कहा- एक बार फिर मुकाम मेले से पहले लाखों की तादाद में जनसैलाब बीकानेर में फिर से आएगा। राजस्थान सरकार को हमारी मांगों को मानना होगा। पर्यावरण प्रेमी यहां परेशान हो रहे हैं। आंदोलन के बाद भी जगह-जगह खेजड़ी काटी जा रही है। इसकी कटाई रुक नहीं रही है। हम कैसे विश्वास करें कि सरकार पर्यावरण के प्रति गंभीर है।

हमारी कमेटी ने निर्णय किया है कि जब तक आंदोलन को ठोस मुकाम पर नहीं पहुंचाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। खेजड़ली की तरह हम एक बार फिर शहीद होने के लिए तैयार है। हम किसी भी स्थिति में पीछे हटने वाले नहीं है। उन्होंने कहा- खेजड़ली के लिए हमारे 363 लोग शहीद हुए और वो वापस दोहराना पड़ेगा तो उसके लिए भी तैयार हैं।

इससे पहले सुबह कलश यात्रा हुई जिसमें महिलाओं ने खेजड़ी के पौधे के साथ भाग लिया।

**परीक्षा पे चर्चा: प्रधानमंत्री ने देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की**

## मोदी बोले- टेक्नोलॉजी का गुलाम न बनें, क्षमता विकसित करें

### पढ़ने के साथ लिखकर प्रैक्टिस करें

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की। पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की। इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे। पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें।

दूसरे एपिसोड में पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे।

### क्लासमेट्स की मदद करें

पीएम ने छात्रों को पढ़ाई में कमजोर क्लासमेट्स की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनसे दोस्ती करनी चाहिए और उन्हें टॉपिक समझाने चाहिए। दूसरों को पढ़ाने से खुद भी बेहतर सीखने में मदद मिलती है।

आप पुरानी परीक्षा के दिनों को याद कीजिए। जब आप पुरानी परीक्षाओं को याद करेंगे, तो आपको लगेगा उस समय भी तनाव था, लेकिन जब वह परीक्षा देकर आ गया, तो कुछ नहीं था। ऐसा होता है ना। परीक्षा के लिए सबसे अच्छी चीज होती है कि आप पेपर सॉल्व करने की आदत डालें। लिखने की आदत डालें। अगर खुद आप इस तरह से प्रैक्टिस करते रहेंगे तो आपको कभी तनाव नहीं होगा।

आप वेकेशन पर जा रहे हैं, तो पहले अपनी तहसील में देखें कहां जा सकते हैं, फिर जिला, फिर राज्य। कहने का मतलब ये है कि आप जहां भी घूमें एक स्टूडेंट की नजर से घूमें ताकि आप लगातार कुछ सीख सकें।

### पहले निडर बनो, फिर लीडर बनो

पहले निडर बनो, जो काम है, मन में तय करो कि कोई और करे या ना करे मैं करुंगा। जब आप ऐसा सोचना शुरू कर देंगे, तो आप देखेंगे कि अपने आप लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो जाएगी। मान लीजिए कहीं कचरा है और उसे आपने उठा लिया, तो आपको देखने वाले 4 लोग भी ऐसा ही करने लगेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने 54000करोड़ की साइबर ठगी को डकैती-लूट बताया

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल फ्रॉड से हुई 54 हजार करोड़ की ठगी को डकैती और लूट बताया। कोर्ट ने कहा कि यह रकम कई छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से इससे निपटने के लिए गाइडलाइन बनाने को कहा है।

सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने कहा कि ये अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही से हो सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, दूरसंचार विभाग और अन्य बैंक को डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा। साथ ही गृह मंत्रालय से RBI और दूरसंचार विभाग के नियमों को देखकर चार हफ्ते में ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है।

कोर्ट पहले ही इन मामलों की जांच सीबीआई को सौंप चुकी है। साथ ही गुजरात और दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वे इन मामलों में CBI जांच की मंजूरी दें। मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी।

## हाईकोर्ट बोला- राजस्थान के सभी वृद्धाश्रमों की ऑडिट होगी

### खाने की क्वालिटी से लेकर हर सुविधा जांची जाएगी

जयपुर

राजस्थान के सभी 31 वृद्धाश्रमों (ओल्ड एज होम) की जांच होगी। वहां रहने वाले बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं की हकीकत सामने आएगी। बुजुर्गों को मेडिकल की सुविधा मिल रही है कि नहीं, खाने की क्वालिटी, बिल्डिंग की स्थिति, साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा के इंतजाम कैसे हैं, इन सब बिंदुओं पर हाईकोर्ट ने 15 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने यह जिम्मेदारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को दी है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि 2046 तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग होंगे। इसके लिए हमारा सिस्टम तैयार नहीं है।

बेंच ने लोक उत्थान संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने राजस्थान में ओल्ड एज होम्स (वृद्धाश्रमों) की स्थिति को लेकर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने साफ कहा कि ये आश्रम सिर्फ कागजी औपचारिकता नहीं हो सकते, बल्कि यहां रहने वाले बुजुर्गों को सम्मान, बेहतर चिकित्सा, सुरक्षा और मानवीय गरिमा के साथ जीने का हक मिलना चाहिए।

**कोर्ट ने कहा- आधुनिक समाज ने बुजुर्गों को उपेक्षित बनाया**

कोर्ट ने भारतीय संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे यहां बुजुर्गों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन आधुनिक समाज में संयुक्त परिवारों का टूटना, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली ने उन्हें असहाय और उपेक्षित बना दिया है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील ऐतिहासिक, किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा-अमेरिका ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ घटाकर शून्य किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह डील ऐतिहासिक है और पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, झुकने की नहीं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी और इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चौहान ने साफ किया कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित यानी जीएम कृषि उत्पादों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इसे भारतीय कृषि के लिए बेहद अहम फैसला बताया और कहा कि इससे हमारी मिट्टी, हमारे बीज और कृषि की शुद्धता सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील में सभी संवेदनशील कृषि उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केले, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल और तंबाकू जैसे उत्पादों पर किसी भी तरह की टैरिफ छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा चिंता हमारे प्रमुख अनाजों को लेकर थी और ये सभी सुरक्षित रखे गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि अमेरिका के लिए भारत ने अपने प्रमुख अनाज, फल और डेयरी उत्पादों का कोई द्वार नहीं खोला है। छिलका रहित अनाज, आटा, गेहूं, मक्का, चावल, बाजरा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, दलहन, फ्रोजन सब्जियां, संतरे, अंगूर, नींबू और स्ट्रॉबेरी जैसे अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत में नहीं आएंगे। इसके अलावा मिक्स डिब्बाबंद सब्जियों को भी भारत में अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादों में भी भारत ने अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं। अमेरिका से लिक्विड दूध, मिल्क पाउडर, क्रीम, योगर्ट, बटरमिल्क, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर और चीज को भारत में प्रवेश नहीं मिलेगा। इससे भारतीय डेयरी सेक्टर और किसान परिवारों की आजीविका पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

चौहान ने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय किसानों के कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में ऐसी कोई रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ 50 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। भारत के मसाला निर्यात में 88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और भारतीय मसाले व मसाला उत्पाद दुनिया के 200 देशों तक पहुंच रहे हैं। 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 4.45 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने साफ कहा था कि देश को झुकने नहीं देंगे और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील में दोनों बातों का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अब तक 9 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुके हैं। अमेरिका के अलावा यूएई के 27 देश, ओमान, न्यूजीलैंड और यूके के साथ भारत एफटीए कर चुका है, जबकि अन्य देशों से बातचीत चल रही है। चौहान ने कहा कि इन सभी समझौतों का फायदा भारतीय अर्थव्यवस्था, किसानों, मजदूरों, गरीबों, निर्यातकों और निर्माताओं को मिलेगा और 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ये मील का पत्थर साबित होंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में भारत का टैरिफ अब प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले काफी कम होकर 18 फीसदी रह गया है। इससे कपास किसानों, टेक्सटाइल निर्माताओं, जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स को नई गति मिलेगी, साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका भी इस समझौते से मजबूत होगी।

## रील का जुनून : बांदा में फंदा लगाकर वीडियो शूट करते समय महिला की मौत

बांदा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। वायरल होने की चाहत में अपनी जान जोखिम में डालना एक महिला के लिए जानलेवा साबित हुआ। मामला बबेरू कोतवाली कस्बे के करूड्या पुरवा का है, जहां 27 वर्षीय मोहिनी नाम की महिला रील के लिए फांसी का सीन रिकॉर्ड कर रही थी, लेकिन तभी अचानक फंदा कस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहिनी को सोशल मीडिया पर रील बनाने का काफी शौक था और वह अक्सर नए-नए तरीकों से वीडियो शूट करती रहती थी। जिस समय यह घटना हुई, महिला का पति जगदीश काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। अकेलेपन का फायदा उठाकर मोहिनी ने रील बनाने की योजना बनाई। उसने छत के हुक पर रस्सी डालकर फांसी का एक फंदा तैयार किया और सामने मोबाइल कैमरा सेट कर वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। अभिनय के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और गले में पड़ा फंदा वास्तव में कस गया। मोहिनी ने खुद को बचाने की काफी जद्दोजहद की, लेकिन फंदा कसता चला गया और दम घुटने से उसकी जान चली गई। हादसे का पता तब चला जब महिला की 4 वर्षीय बेटी कमरे में पहुंची। अपनी मां को फंदे पर लटका देख वह बुरी तरह डर गई और जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला रील बनाने के दौरान हुए हादसे का लग रहा है, क्योंकि मौके पर मोबाइल कैमरा रिकॉर्डिंग मोड में मिला था। हालांकि, पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## सफारी में मोबाइल ले जाने पर एफआईआर होगी

सवाई माधोपुर (एजेंसी)। राजस्थान के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व समेत कुल चार टाइगर रिजर्व में रील बनाने, वीडियो शूट करने और सेल्फी लेने जैसी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत उठाया गया है, जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में कोई बाधा न आए। सफारी के टूरिस्ट और गाइड मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए एक आदेश जारी किया है। इसके तहत टाइगर रिजर्व में पोस्टर और फ्लैक्स भी लगा दिए गए हैं। साथ ही गाइड को भी निर्देश दिए है कि वे मोबाइल फोन के रोक संबंधी आदेश के बारे में टूरिस्ट्?स को भी अवगत करा दें। राजस्थान में फिलहाल चार टाइगर रिजर्व है। इनमें रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व (अलवर), मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (कोटा) और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (बूंदी) शामिल हैं। धौलपुर-करौली और कुंभलगढ़ को भी टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन ये अभी पूरी नहीं हो पाई है।

## ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, कैप्टन व ट्रेनी घायल

विजयपुरा (एजेंसी)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर तालुक के मंगलूर गांव में रविवार को रेड बर्ड एविएशन का निजी ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कैप्टन और एक ट्रेनी पायलट सवार थे, दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यह विमान कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। उड़ान के दौरान इंजन में अचानक खराबी आ गई, जिससे पायलट कंट्रोल खो बैठे और खेत में क्रैश लैंडिंग हो गई। विमान सीसना 172 मॉडल का दो सीटर ट्रेनिंग प्लेन था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह विमान रेड बर्ड एविएशन कंपनी का था और ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। शुरुआती जांच में हादसे की वजह इंजन की तकनीकी खराबी सामने आई है, लेकिन दुर्घटना के सही कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा। प्रशासन और पुलिस ने साफ़ किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी जरूरी तकनीकी और कानूनी जांच की जा रही है तथा जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा में नायब सरकार ने अपराधियों के आगे सरेंडर कर चुकी : आप

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा में अपराध की बढ़ती घटनाओं को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बीजेपी सरकार की आलोचना कर राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाकर दावा किया हैं कि हरियाणा में अपराधी खुलेआम व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं। उन्होंने यमुनानगर की घटना का जिक्र कर आरोप लगाया कि सैनी सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराधियों का खेल का मैदान बना दिया है। दरअसल, यमुनानगर में दो बदमाशों ने रेलवे रोड के पास स्थित मल्टी स्पेशलिटी वरयाम अस्पताल फायरिंग की। बदमाशों ने अस्पताल के रिसेप्शन इलाके में 13 से 14 राउंड फायरिंग की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। आप नेता ढांडा ने पोस्ट में लिखा, नायब सरकार ने पूरे हरियाणा को अपराधियों का खेल का मैदान बना दिया है। यमुनानगर में अपराधी खुलेआम बेखौफ होकर गोलियां बरसा रहे हैं, जगह-जगह व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। हर दिन होती ऐसी वारदातें साफ हैं कि बीजेपी की नायब सरकार ने अपराधियों के आगे सरेंडर कर चुकी है। पोस्ट के साथ उन्होंने वीडियो साझा किया है, जिसमें 3 नकाबपोश व्यक्ति एक इमारत के अंदर प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं, जो संभवतः कोई कार्यालय प्रतीत हो रहा है। इसके बाद ये लोग फायरिंग करते हुए वहां से निकल जाते हैं।

## मुंबई से 100 नॉटिकल मील दूर बड़ी हलचल, कोस्ट गार्ड ने तीन संदिग्ध जहाजों को पकड़ा

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन कोस्ट गार्ड ने मुंबई के तट से लगभग 100 मील दूर एक बड़ा ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन से काफी हलचल मच गई। दरअसल मुंबई तट के बहुत करीब तीन बड़े जहाजों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। दरअसल कोस्ट गार्ड ने मुंबई से 100 नॉटिकल मील पश्चिम में तीन संदिग्ध जहाजों को देखा। इन जहाजों पर नज़र रखी जा रही थी। इस दौरान, इंडियन कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया और दस्तावेजों की जांच की, जिससे एक बड़ा खुलासा हुआ। जब कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया, तो पता चला कि इन जहाजों के मालिक दूसरे देशों में बसे हुए हैं। बताया गया है कि कोस्ट गार्ड 5 फरवरी से इन जहाजों पर कड़ी नज़र रख रहा था। इसके अलावा, जहाजों पर संदिग्ध गतिविधियां हो रही थीं। फिर कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया। पूछताछ के दौरान, यह साफ हो गया कि ये जहाज तेल की तस्करी में शामिल थे। पता चला कि ये तीनों जहाज समुद्र में अवैध रूप से तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों को दूसरे जहाजों में ट्रांसफर कर रहे थे। आखिरकार, शनिवार दिनांक 7 फरवरी को कार्रवाई की गई। पूछताछ के बाद, तीनों जहाजों को मुंबई बंदरगाह लाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, तीनों जहाजों के चालक दल के सदस्य भी भारत की हिरासत में हैं। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि ये जहाज कहां से आए थे और मुंबई तट से कहां जा रहे थे।

## सबूतों के अभाव में अदालत ने मुजफ्फरनगर दंगा केस में 22 आरोपियों को बरी किया

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की अदालत ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े हत्या, लूट और आगजनी के एक मामले में साक्ष्यों के अभाव में 22 आरोपियों को बरी किया। शासकीय अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार ने कहकर आरोपियों को बरी किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। उन्होंने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आठ सितंबर 2013 को मोहम्मदपुर रायसिंह गांव में हुई घटनाओं के संबंध में 26 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान चार आरोपियों की मृत्यु हुई। जिसके बाद शेष 22 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन कार्रवाई जारी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, हनीफ ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि सैकड़ों दंगाइयों ने गांव में घरों पर हमला किया, संपत्ति लूटी और बाद में घरों में आग लगा दी।

## कांग्रेस ने नवजोत कौर को किया निष्कासित, सिद्धू ने राहुल गांधी को कहा पप्पू

**-नवजोत कौर का यह बयान उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब की राजनीति में पिछले दो महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया है। इस निष्कासन से पहले ही 31 जनवरी को नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कांग्रेस आलाकमान के इस कड़े कदम ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद नवजोत कौर के तेवर और भी तीखे हो गए। उन्होंने न केवल इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी, बल्कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

उन्होंने राहुल गांधी को पप्पू कहकर संबोधित किया जो आमतौर पर विपक्षी खेमे द्वारा उनके उपहास के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नवजोत कौर का यह बयान कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया है। विवाद की जड़ें पिछले साल दिसंबर में जमीं, जब नवजोत कौर ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चेहरा वही बनता है जो 500 करोड़ रुपए का सूटकेस देता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू सक्रिय राजनीति में तभी लौटेंगे जब उन्हें सीएम पद का चेहरा बनाया जाएगा। उस समय उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में इतनी गुटबाजी है कि वे नवजोत सिद्धू को आगे नहीं बढ़ने देंगे। वहां पहले से ही पांच दावेदार सीएम बनने का सपना देख रहे हैं और वे खुद कांग्रेस को हराने पर तुले हुए हैं।

# एसआईआर के नाम पर मुस्लिम मतदाताओं का वोट काटा जा रहा: अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से बिहार का चुनाव जीता गया है। अब पश्चिम बंगाल में लगातार यही कोशिश हो रही है। इसकारण बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बीजेपी की काली करतूत को उजागर करने के लिए काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा।




प्रेसवार्ता में सपा अध्यक्ष अखिलेश अपने साथ सुल्तानपुर निवासी नंदलाल को भी लेकर आए थे। उन्होंने चुनाव आयोग और बीजेपी पर आरोप लगाकर कहा कि नंदलाल से बीजेपी ने एसआईआर का फॉर्म 7 भरा लिया। बीजेपी पर हमला बोलकर अखिलेश यादव ने कहा कि द्वापर और त्रेता के नाम वाले लोगों, दशरथ और नंदलाल से हमें बहुत मदद मिल गई। बता दें कि नंदलाल अंगूठा लगाते हैं। इसके बाद बीजेपी ने इनके फर्जी दस्तखत कर फॉर्म भरवा दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा की तरफ से नंदलाल को 1 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। हमारी मांग है कि चुनाव आयोग फॉर्म 7, जिससे नाम पर आपत्ति दर्ज होती है भरवाना तुरंत बंद करे।

अखिलेश ने कहा कि आयोग को सिर्फ फॉर्म-6 नाम जोड़ने वाले फॉर्म ही भरवाने चाहिए। नंदलाल के नाम पर 26 फॉर्म-7 भरे गए थे। एसआईआर के जरिए चुनाव आयोग द्वारा जानबूझकर मुस्लिम मतदाताओं का वोट काटा जा रहा है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि यह एसआईआर, नहीं एनआरसी है।

इसके पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बीजेपी एक समुदाय के कुछ लोगों का इस्तेमाल उसी समुदाय के खिलाफ करती है। वहीं जब विवाद बढ़ जाता है, तब वह दिखावे के लिए नकली कार्रवाई का नाटक करती है। आपको बता दें कि अखिलेश के ये बयान जाहिर तौर पर घूसखोर पंडित नाम की एक फिल्म को लेकर हुए विवाद के बारे में थे। जो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

# मौसम में बड़े बदलाव के संकेत, उत्तर भारत में बारिश-बर्फबारी और कोहरे का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विभिन्न हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और सब-ट्रॉपिकल पश्चिमी जेट स्ट्रीम के सक्रिय होने से देश के कई राज्यों में मौसम की गतिविधियों में बदलाव देखा जाएगा। इसके प्रभाव से कहीं तेज हवाएं चलेंगी, तो कहीं बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू होगा।



मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो से तीन दिनों तक 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही पहाड़ी इलाकों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और सड़क व हवाई यातायात पर असर पड़ सकता है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 9 से 11 फरवरी के बीच मौसम बिगड़ने के आसार हैं। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 8 फरवरी की रात से सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 10 फरवरी को इन राज्यों के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान मौसम विभाग ने गरज-चमक, बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई है। पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को ऊंचे इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में घने कोहरे और कोल्ड डे (ठंडा दिन) जैसी स्थिति बनी रह सकती है। विशेष रूप से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मैदानी व घाटी वाले इलाकों में सुबह और रात के समय विजिबिलिटी काफी कम रह सकती है। कोहरे के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों और उड़ानों के समय में भी देरी होने की संभावना है।

### दिल्ली-एनसीआर में कैसा रहेगा हाल?

राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। रविवार को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा, हालांकि सुबह के समय हल्की धुंध महसूस की जा सकती है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आने वाले पूरे हफ्ते में दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े मौसमी उलटफेर की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह और शाम की ठंड बरकरार रहेगी। न्यूनतम तापमान को लेकर आईएमडी का कहना है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो दिनों तक पारे में कोई खास गिरावट या बढ़ोतरी नहीं होगी। हालांकि, इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि देखी जा सकती है। मध्य भारत में भी दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान बढ़ने के आसार हैं, जबकि पूर्वी भारत में अगले चार दिनों तक तापमान स्थिर रहने के बाद धीरे-धीरे बढ़ेगा। कुल मिलाकर, फरवरी का दूसरा सप्ताह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों के लिए मिश्रित मौसमी प्रभाव वाला रहने वाला है।

# सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

## -गिरफ्तारी के समय सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई थी तीखी नोकझोंक

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ बुद्धा कॉलोनी थाना में एक और एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कार्रवाई में रुकावट को लेकर दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात पुलिस सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची थी, लेकिन उस दौरान उन्होंने गिरफ्तारी देने से इनकार कर दिया। इस दौरान सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। हालात बिगड़ते देख सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए बाद में पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। जहां से पीएमसीएच शिफ्ट किया गया था। जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होना है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पप्पू यादव की पटना में आधी रात को हुई गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पूर्णिया में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जाप कार्यकर्ताओं ने शहर में मशाल जुलूस निकाला और पप्पू यादव को अविलम्ब रिहा करने की मांग की। जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू भगत ने कहा कि सरकर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। सांसद पप्पू यादव लगातार सदन में आम जनता की आवाज उठाते हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं, लेकिन सरकार को यह हजम नहीं होता। सांसद पप्पू यादव पूर्णिया के 25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां की जनता इससे बर्दाश्त नहीं करेगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के मामले में कहा कि हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। क्या कोई किसी सांसद को ऐसे ही नहीं गिरफ्तार कर सकता है। यकीनन कहीं ना कहीं कुछ तथ्य सामने आए होंगे। कुछ ऐसे प्रमाण मिले होंगे जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पप्पू यादव के मामले में राहुल गांधी के समर्थन करने पर एनडीए की सरकार में एक बात स्पष्ट है अगर कोई दोषी है तो वह बक्शा नहीं जाएगा। अगर कोई बेगुनाह है तो उसके ऊपर कोई आंच नहीं आएगी।

बता दें पप्पू यादव को 31 साल पुराने केस में बेल टूटने पर गिरफ्तार किया गया। दरअसल, पटना के शास्त्री नगर थाने में साल 1995 केस दर्ज किया गया था। यह केस विनोद बिहारी लाल ने दर्ज कराया था। बार-बार बुलाने के बाद भी पप्पू यादव और दो अन्य अभियुक्त कोर्ट नहीं आ रहे थे। आरोप था कि पप्पू यादव 1994 में जब पहली बार सांसद बने थे। तब इन्होंने पटना में ऑफिस बनाने के लिए एक मकान किराए के लिए लिया था। रहने के नाम पर और उसमें ऑफ़िस बनाया।

# वायुसेना की शक्ति में ऐतिहासिक इजाफा: 3.25 लाख करोड़ के राफेल सौदे पर मुहर!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। अत्याधुनिक राफेल विमानों की सफलता के बाद अब 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। रक्षा गलियारों से मिल रही जानकारी के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आगामी भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इस बैठक में लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस महा-प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिल सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदली हुई परिस्थितियों में भारत अपने रक्षा क्षेत्र को अभूतपूर्व तेजी से मजबूत कर रहा है।

आगामी 18 से 20 फरवरी तक भारत में आयोजित होने वाली एआई समिट में राष्ट्रपति मैक्रों की भागीदारी के दौरान इस सौदे को अंतिम रूप दिया जा सकता है। प्रस्तावित योजना के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 114 विमानों में से 18 विमान फ्लाई अवे यानी पूरी तरह तैयार स्थिति में फ्रांस से सीधे भारत आएंगे। वहीं, शेष विमानों का बड़ा हिस्सा मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारत में ही निर्मित किया जाएगा। रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 से 80 फीसदी विमानों का निर्माण भारतीय धरती पर होगा, जिसमें फ्रांसीसी कंपनी दसॉ और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इस बेड़े में 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान शामिल होने की संभावना है। रक्षा खरीद बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद अब यह मामला अगले स्तर की मंजूरी के करीब है, जिसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत का दौर शुरू होगा।

रक्षा क्षेत्र में यह निवेश भारत की दूरगामी रणनीति का हिस्सा है। चालू वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। यह कुल सकल घरेलू उत्पाद का 1.99 प्रतिशत है। इस बजट में सेनाओं के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए 1.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, विशेषकर पड़ोसी देशों के बीच बढ़ती नजदीकियों और सीमा पर उभरते नए समीकरणों को देखते हुए भारत के लिए अपनी वायु शक्ति को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है। इस डील के पूरा होने के बाद भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की कुल संख्या 176 हो जाएगी, जो किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। सरकार न केवल हथियारों की खरीद पर, बल्कि अनुसंधान और विकास पर भी निवेश बढ़ा रही है। इस बार अनुसंधान के लिए 17,250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। साथ ही, रक्षा पेंशन के लिए भी बजट बढ़ाकर 1.71 लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह निवेश और राफेल जैसा रणनीतिक सौदा यह स्पष्ट करता है कि भारत अब रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ तकनीकी श्रेष्ठता के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों की श्रेणी में अपनी जगह पक्की कर रहा है।



ग्रामीण बोले - हर बजट में आशा, हर बार निराशा

# वर्षों का इंतजार, फिर वही सवाल : क्या इस बार बदलेगी गुरलां की तस्वीर?

स्मार्ट हलचल|गुरला







भीलवाड़ा जिले में पंचायत समिति सुवाणा का बड़ा कस्बा होने के बावजूद गुरला आज भी आवश्यक प्रशासनिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। वर्षों से लंबित मांगें - गुरलां को उप तहसील का दर्जा देने, पंचायत समिति खोलने,पुलिस चौकी स्थापना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने , ग्रामीण स्टेडियम बनाने की अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में गुरला में उप तहसील खोलने की व पंचायत समिति घोषणा की गई थी, लेकिन यह घोषणा अमल में नहीं आ सकी और मामला बाद में ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद सत्ता में आई भाजपा सरकार के भी दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन इन प्रमुख मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। ऐसे में अब सरकार के तीसरे बजट राजस्थान बजट 2026 को लेकर गुरलां एवं आसपास के लोगो की उम्मीदें एक बार फिर केंद्रित हो गई हैं। जिनका कहना है कि उप तहसील नहीं होने से राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के 5 किलोमीटर उन्हें कारोई उपतहसील, या तहसील कार्यालय भीलवाड़ा जाना पड़ता है। भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, जाति एवं मुल निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्यों में समय और धन दोनों की अनावश्यक बर्बादी होती है। वहीं पुर्व में गुरला में पुलिस चौकी थी अब वह भी गुरला में नहीं होने से सीमित अधिकारों के कारण अपराध और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई में देरी होती है। स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर पर कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, जहां प्रसव सुविधा और सामान्य जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन सीमित संसाधन, विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव और हाईवे 758 पर होने से दुर्घटना में आपातकालीन उपचार की पर्याप्त व्यवस्था न होने से गंभीर मरीजों को भीलवाड़ा , उदयपुर के बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किए जाने से विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, बेहतर सेवाएं और विस्तारित उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। गुरला में आयुर्वेदिक चिकित्सालय नहीं होने से गुरला के ग्रामीणों को प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ नहीं मिल रहा है कस्बे के सामाजिक संगठनों और जागरूक लोगों का कहना है कि जनसंख्या, भौगोलिक विस्तार और आर्थिक गतिविधियों के लिहाज से गुरला सबसे बड़ा कस्बा है, इसके बावजूद यहां उप तहसील, पंचायत समिति,पुलिस चौकी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , आर्युवेदिक चिकित्सालय, जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। उनका कहना है कि विकास के दावों के बीच यह क्षेत्र लगातार उपेक्षित रहा है। शिक्षा क्षेत्र में विज्ञान संकाय खोलने की आवश्यकता जताई इसी क्रम में ग्रामीणों ने राजस्थान बजट 2026 में उप तहसील खोलने, पुलिस चौकी खोलने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने, नया आर्युवेदिक चिकित्सालय खोलने, रोडवेज बसों का स्टोपेज बस स्टैंड घोषित करने, चम्बल परियोजना से जोडने की मांग की है।

लोगों को उम्मीद है कि इस बार बजट में इन मांगों पर ठोस निर्णय लेकर उन्हें धरातल पर उतारा जाएगा। अब यह देखना होगा कि क्या बजट 2026 वास्तव में गुरला को बुनियादी सुविधाओं की सौगात देगा, या फिर यह कस्बा एक बार फिर आश्वासनों और इंतजार तक ही सीमित रह जाएगा।

इनका कहना है कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों और आपातकालीन उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। प्राकृतिक चिकित्सा के लिए नया आर्युवेदिक चिकित्सालय खोलने की आवश्यकता है बड़ा कस्बा होने के बावजूद गुरला में उप तहसील , पंचायत समिति नहीं होने से राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए उन्हें भीलवाड़ा व सुवाणा जाना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है, जबकि उप तहसील व पंचायत समिति बनने से आसपास के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा पुलिस चौकी के नहीं होने के कारण कई मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव नहीं हो पाती। चौकी को थाने में क्रमोन्नत किए जाने से कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शिव नगर के ऑपन कुएं से गांव में पाइप लाइन जोड़ने और चम्बल परियोजना का पानी की सफ्लाई करे एवं जर्जर हालत टंकी को हटाते हुए अमृत 2 के तहत उच्च जलाशय का निर्माण करें।

भीलवाड़ा अजमेर हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा

## स्कूटी सवार एक महिला और युवती की मौत, एक युवती गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



अजमेर-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के सरेरी के निकट सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भीलवाड़ा से कंवलियास स्थित त्रिदेव महादेव मंदिर दर्शन के लिए जा रही स्कूटी को ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवती और महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

मृतकों की पहचान रेखा पुत्री गणपत लाल बलाई (28) और सीता पत्नी रामावतार धोबी (36) के रूप में हुई । सीता के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। हादसे में घायल चंचल पिता सोहनलाल नायक (25) को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया ।

गुलाबपुरा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। गुलाबपुरा सहायक उपनिरीक्षक महावीर सिंह ने बताया कि तीनों महिलाएं एक ही स्कूटी से भीलवाड़ा से कंवलियास त्रिदेव महादेव मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। दुर्घटना के बाद हाइवे एम्बुलेंस ने राहत कार्य किया। मृतका महिला और युवती का शव रायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया और अग्रिम कार्यवाही की । पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## ढिकोला में पानी की किल्लत, दस दिनों से चंबल पानी के लिए जनता कर रही त्राहिमाम

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

शाहपुरा तहसील की उपतहसील ढिकोला सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में चंबल पानी सप्लाई बंद है। अधिकारियों को फोन करते है तो बार-बार एक ही आश्वासन मिलता है लीकेज ढूंढ रहे है समस्या का इलाज जारी है पानी ज्यादा है लीकेज निकालने का प्रयास कर रहे है । क्या दस दिनों में भी विभागीय कर्मचारी लीकेज नहीं ढूंढ पाए । ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियो से जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है । ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली जनता बिन पानी जीने को मजबूर है और पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है । जल विभाग अतिशीघ्र चंबल पानी की सप्लाई सुचारु करे जिससे जनता को राहत मिले। अगर दो से तीन दिन में सप्लाई चालू नहीं होती है तो ग्रामीण मिल कर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और प्रशासन जल्दी से जल्दी समस्या का समाधान करने को प्रेरित करेंगे।

## विधायक ने किया डोरमेट्री का लोकार्पण, बाल मेले का उद्घाटन कर छात्राओं को बांटी साइकिलों की सौगात

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत बढ़ीं सुविधाएं; बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया

स्मार्ट हलचल



**मांडलगढ़** । क्षेत्र के सराना स्थित कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय में विकास कार्यों की श्रंखला में एक नया अध्याय जुड़ गया। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय में नवनिर्मित डोरमेट्री भवन का लोकार्पण, शैक्षिक बाल मेले का उद्घाटन और छात्राओं को साइकिल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

विधायक खंडेलवाल ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत निर्मित अत्याधुनिक डोरमेट्री भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से आवासीय विद्यालय में रहने वाली छात्राओं को बेहतर माहौल मिलेगा। इसके पश्चात, उन्होंने शैक्षिक बाल मेले का उद्घाटन किया, जिसमें छात्राओं द्वारा प्रदर्शित रचनात्मक कृतियों की सराहना की। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विधायक ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

### ये रहे मौजूद

इस भव्य समारोह में भाजपा मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहिर, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, प्रतिनिधि बाबूलाल तेली, पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा, सराना प्रशासक संपति देवी मीणा, उप सरपंच मोडुलाल जाट, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नारायण गुर्जर, सिंगोली प्रशासक राकेश आर्य, बरूंदनी से गजेन्द्र साहू, मोटरों का खेड़ा प्रतिनिधि मूलचंद रायका सहित राधेश्याम सैन, नवरतन शर्मा, अशोक शर्मा, पूर्व सरपंच रामप्रसाद जाट, मनोज सनाढ्य, जगदीश शर्मा और सत्यनारायण सुथार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

## डीजीपी शर्मा ने ली समीक्षा बैठक, 6 जिलों के पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों ने लिया भाग





स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। सोमवार को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अजमेर रेंज के जिलों के कार्यों की समीक्षा बैठक ली । डीजीपी शर्मा ने भीलवाडा में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भीलवाडा पुलिस की रिजर्व लाइंस का दौरा किया। पुलिस लाइंस निरक्षण में सीपीसी कैंटीन, मैस, एमटी शाखा, विविध शाखा, बैरिक, लाईब्रेरी, शूटिंग रेंज, पुलिस लाईन परिसर आदि का निरक्षण किया। साथ ही पुलिस जवानों के लिए मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में पुलिस कर्मीयों के विभिन्न तरह के स्वास्थ संबधी परिक्षण कर उन्हे स्वास्थ लाभ हेतु परार्मश दिया गया एवं सम्पर्क सभा का आयोजन कर जवानों की समस्या को सुना गया एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने के लिए विश्वास दिलाया गया । जिला कलेक्ट्री कार्यालय के सभागार मे अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे 6 जिलों के लगभग 130 अधिकारियों ने भाग लिया गया।

## बदमाशों ने वृद्ध महिला से चाकू की नोक पर छीने गहने

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** कोटड़ी थाना सर्किल के जेतपुरा गांव में कोटड़ी रोड़ पर बीच सुनसान सड़क पर दिनदहाड़े बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक वृद्ध महिला को निशाना बनाते हुए चाकू की नोक पर बदमाशों ने महिला के गले से दो तोला सोने के गहने काट कर ले गए । सुचना पर कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची । थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि महिला के बेटे जेतपुरा निवासी हेमराज गुर्जर ने रिपोर्ट दी कि उसकी 65 वर्षीय मां राधा देवी गुर्जर सोमवार को कोटड़ी से राशन का सामान लेकर वापस पैदल ही घर जा रही थी, इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे तीन बदमाशों ने सुनसान सड़क से गुजर रही वृद्धा महिला पर अचानक हमला कर दिया । सड़क से एक तरफ ले गये महिला के साथ मारपीट करते हुए चाकू दिखाकर धमकाया कि हो हल्ला किया तो जान से मार देंगे । दो बदमाशों ने महिला के हाथ पैर व मुंह को पकडे रखा। एक बदमाश ने महिला के गले में पहने सोने की रामनामी व मादलियों को चाकू से काट लिया और कोटड़ी की तरफ बाइक पर बैठकर भाग गए । अचानक हुई है हमले से महिला डर गई । बदमाशों के भागते ही महिला की चीत्कार फूट पड़ी । थोड़ी ही देर में गांव का शेरु सिंह कोटड़ी स्कूल से बच्चों को लेकर आ रहा था, जिसे रास्ते में वृद्ध महिला बदहवास हालत में मिली । उसने महिला के परिजनों को सूचित किया । महिला के परिजनों ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है । पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिन दहाड़े हुई घटना से क्षेत्र वासियो में भय व्याप्त हो गया है।

## नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान प्रारंभ

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग की रोकथाम एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है । आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक /प्लास्टिक कैरी बैग से मुक्त करने हेतु निगम द्वारा विशेष अभियान 9 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत दिनांक 9 फरवरी 2026 को 360 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक कैरी बैग की जब्ती कर 26,600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंदगी एवं कचरा फैलाने वाले 97 व्यक्तियों पर 34,400 रुपए का जुर्माना किया गया एवं नगरीय विकास कर की 9,25,000 की वसूली की गई, निगम आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा उक्त अभियान नियमित रूप से चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों एवं सिंगल यूज प्लास्टिक /प्लास्टिक कैरी बैग पर नियमित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

सिंगोली चारभुजा में सजेगा फूलडोल महोत्सव

## देवस्थान विभाग से 20 लाख के बजट का प्रस्ताव, 18 मार्च से शुरू होगा तीन दिवसीय मेला

हाथी-घोड़ों के साथ निकलेगी शाही सवारी; कवि सम्मेलन और भजन संध्या में जुटेंगे नामचीन कलाकार, तैयारी बैठक संपन्न



स्मार्ट हलचल|सिंगोली

क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र आत्मनिर्भर मंदिर श्री सिंगोली चारभुजा नाथ में आगामी तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव की तैयारियों को लेकर देवस्थान विभाग और मेला सुझाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष महोत्सव 18 से 20 मार्च (चैत्र बुदी अमावस्या) तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### 20 लाख का बजट प्रस्ताव पारित

मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि देवस्थान विभाग अजमेर के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी के निर्देशानुसार और मेला सुझाव समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के सानिध्य में हुई बैठक में महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए विभाग से 20 लाख रुपये का बजट स्वीकृत करने का प्रस्ताव लिया गया।

### तीन दिन बहेगी भक्ति की बयार

18 मार्चः ख्याति प्राप्त कवियों के साथ भव्य कवि सम्मेलन।

19 मार्चः नवीनतम वाद्य यंत्रों और प्रसिद्ध कलाकारों के साथ विशाल भजन संध्या।

20 मार्चः मुख्य आयोजन और शाही लवाजमे (हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड) के साथ जुलूस।

### होंगी विशेष व्यवस्थाएं

बैठक में मंदिर परिसर की आकर्षक लाइटिंग, पेंटिंग, डोम निर्माण, और प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग, सुरक्षा और जल व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भारत सिंह, पंचायत प्रशासक राकेश कुमार आर्य, उप प्रशासक लादू लाल वर्मा, पूर्व सरपंच श्यामलाल सेन, भंडारी सुरेंद्र कुमार पाराशर, राजेंद्र ओझा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ये कैसा 'सड़क सुरक्षा माह' विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल

# शहर में धड़ल्ले से अवैध रूप से संचालित 'कार बाजारों' पर एक भी कार्यवाही नहीं और ना ही किसी तरह की जांच

नाममात्र के रजिस्ट्रेशन और सौ से भी ज्यादा कार बाजार, सबसे ज्यादा 'कार बाजार' अहिंसा सर्किल के निकट, ना खुद की जमीं और ना वाहन खड़े करने के लिए जगह

स्मार्ट हलचल| राजेश जीनगर





**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार द्वारा सड़क दुघर्टनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया गया, लेकिन वह कन्ट्रोल रूम के बाहर प्रदर्शनी और टेंट के अंदर तक ही सिमटकर रह गया और महज खानापूर्ति व औपचारिकता साबित होकर रह गया। जिसका उदाहरण शहर में किसी तरह की ठोस कार्यवाही का नही होना दर्शाता है तो विभाग की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है कि आखिर कार बाजार की जांच क्यों नहीं। वहीं दुसरा बड़ा सवाल की फूटपाथ की जगह पर अवैध कब्जे पर नगर निगम गंभीर क्यों नहीं, आखिर किसका संरक्षण और क्यों ....? ?

शहर के हर चौराहे पर संचालित किसी भी कार बाजार पर परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई और ना ही इन कार बाजारों के दस्तावेजों तक की जांच की गई। जबकि कार बाजार के नाम कोटा रोड स्थित अहिंसा सर्किल के निकट एक दर्जन से अधिक कार बाजार संचालित है। जिनके पास ना खुद की जमींन है और वाहन खड़े की जगह। बावजूद इसके रोड पर खड़ी कारों को कार बाजार का नाम देकर आमजनता से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि कार खरीदने के लिए 20 अप्रैल 2010 का नियम वित्तीय अनुशासन का मुख्य नियम है। जिसमें 20% डाउन पेमेंट करना, 4 साल से अधिक का लोन ना लेना और मासिक कार खर्च आपकी कुल मासिक आय का 10% से अधिक ना हो। पुरानी कार के लिए प्रमाणित डीलर, दस्तावेज़ों की जांच और 18% जीएसटी (अंतर पर) जैसे नियम महत्वपूर्ण हैं।

### कार बाजार के मुख्य नियम

खरीदारी का 20/4/10 नियम के तहत 20% डाउन पेमेंट कम से कम 20% रकम पहले अनिवार्य।

4 साल का लोन (48 महीने) : लोन की अवधि 4 साल से ज्यादा ना रखें।

10% मासिक आयः किस्त, बीमा और ईंधन खर्च सैलरी के 10% से कम हो।

### पुरानी कार के नियमः

प्रमाणित डीलर नियमानुसार केवल रजिस्टर्ड डीलर ही पुरानी कार खरीद/बेच सकते हैं। साथ ही दस्तावेज़ की जाँचः 'ष्ट, बीमा, और सर्विस हिस्ट्री अनिवार्य है।

जीएसटीः मार्जिन राशि (खरीद और बिक्री के अंतर) पर 18% जीएसटी लगता है। वाहनों की उम्र पेट्रोल कार 15 साल, डीजल कारः 10 साल (जैसे दिल्ली-हृष्ट' में) इसके बाद फिटनेस पास होना जरूरी है, अन्यथा गाड़ी जप्त की जा सकती है।

### भीलवाड़ा में शताब्दी वर्ष पर काशीपुरी में सजा विराट हिंदू सम्मेलन का मंच

# हम बटेंगे तो कटेंगे, और यदि एक रहेंगे तो दुनिया की कोई ताकत हमें झुका नहीं सकती: संत दिग्विजयराम

## संघ के 100 वर्ष पूर्ण होना मात्र एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का अवसर है: गोविंद प्रसाद सोडाणी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष्य में आज वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की धरा एक ऐतिहासिक साक्षी बनी। काशीपुरी के पावन सानिध्य में आयोजित शिवराट हिंदू सम्मेलनश् ने न केवल हिंदू समाज की शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि सनातन संस्कृति की रक्षा और सामाजिक समरसता का एक नया अध्याय भी लिखा। कार्यक्रम का मंगलारंभ सुबह 9.30 बजे काशीपुरी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हुआ।

जब भव्य शोभायात्रा सड़कों पर उतरी, तो पूरा भीलवाड़ा भगवामय हो गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी जयघोष के साथ निकली इस यात्रा ने हिंदू समाज की अटूट आस्था और अनुशासन का परिचय दिया। शहर के मुख्य





मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया, जो हिंदू शक्ति के बढ़ते कदमों का प्रतीक बनी। शोभायात्रा में 11 ढोल, 2 बैंड, 2 डीजे, 5-5 घोड़ी बग्गी, भगवान सांवलिया सेठ का रथ शामिल थे। मार्ग झंडियों व फरियों से सजा था। उधर महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित मुख्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामस्नेही संत दिग्विजयराम महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से जनसमूह में प्राण फूँक दिए। उन्होंने वर्तमान चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी और कहा ष्इतिहास गवाह है कि जब-जब हम जातियों और पंथों में बंटे हैं, तब-तब हमारी संस्कृति पर आघात हुआ है। आज समय की पुकार है कि हम संकुचित स्वार्थों को त्यागकर हिंदू के रूप में एक हों।

याद रखें हम बटेंगे तो कटेंगे, और यदि एक रहेंगे तो दुनिया की कोई ताकत हमें झुका नहीं सकती। आयोजक समिति के संरक्षक गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होना मात्र एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का अवसर है। सम्मेलन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को अपनी जड़ों से जोड़ना और आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना रहा। वक्ताओं ने जोर दिया कि धर्म की रक्षा के लिए संगठित समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक बाहेती व उपाध्यक्ष सीमा सिंघल ने उद्बोधन देते हुए कहा कि सम्मेलन का एक मुख्य आकर्षण/सामूहिक सहभोजश् रहा। यहाँ ऊंच-नीच और जाति-भेद की दीवारें ढहती नजर आईं। एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण पेश किया। यह आयोजन इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सफल रहा कि हिंदू समाज एक परिवार है और हम सभी का रक्त एक है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति ने भारी संख्या में सपरिवार पधारे माताओं, बहनों, युवाओं और बुजुर्गों का आभार व्यक्त किया। संघ के चित्तौड़ प्रांत के कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली ने कहा कि भीलवाड़ा की जनता ने अपनी उपस्थिति से यह सिद्ध कर दिया है कि धर्म और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट है। यह सम्मेलन हिंदू जागृति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन में संयोजक संजय कुमार लढा, सह संयोजक मुकेश कुमार सेन, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, मंच संचालन चंचल अजमेरा, सुरेश कुमार बिरला, मोहित अजमेरा, धर्मेंद्र खटोड़, बसंत काबरा, शक्ति सिंह, भेरूलाल अजमेरा, कैलाश सोनी, शिव प्रकाश चन्नाल, श्याम बी गारू, आजाद शर्मा, जगदीश चन्नाल, सत्येंद्र जैन, गौतम कोठारी, वीरेंद्र मेहता, कैलाश जैन का पूरा सहयोग रहा।

## धार्मिक स्थान पथवारी की जगह से अतिक्रमण हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | खजूरी

उपतहसील के नजदीकी उलेला ग्राम पंचायत मे धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामवासियो ने नायब तहसीलदार को लिखित मे ज्ञापन सौपा जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह धार्मिक स्थान की जगह के अतिक्रमण पर ग्रामवासी एकत्रित हुए वही अतिक्रमण को हटाने की बात को लेकर एवं समस्त ग्रामवासियो ने धार्मिक स्थान को सुरक्षित करवाने के लिए बर्दी लाल मीणा नायब तहसीलदार खजूरी को ज्ञापन दिया । ग्रामवासियो ने कहा की वर्षो से गांव की पथवारी एवं घाटारानी माताजी का थानक स्थापित है पहले लम्बी चौड़ी जगह थी हाल ही अतिक्रमण कर कब्जेमे लेने जैसी स्थिति बनी हुई जिससे गांव के धार्मिक कार्यक्रम मे बाधा उतपन्न होती है समस्त ग्रामवासियो ने लिखित मे रिपोर्ट दर्ज कर जल्द कार्यवाही कर समाधान की मांग की रिपोर्ट के अनुसार नायब तहसील बर्दी लाल मीणा ने कहा की पटवारी को मौक़े पर भेजकर स्थिति देखकर उचित कार्रवाई की जाएगी रिपोर्ट के आधार जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया इस दौरान पप्पु लाल रेगर, खैमराज मीणा, नन्दलाल माली, गोकुल बलाई, ईश्वर प्रजापत, रामप्रसाद प्रजापत, नारायण दरोगा, पप्पु लाल मीणा, सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कहार समाज का विशाल रक्तदान शिविर 14 को, पोस्टर का विमोचन



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

कहार समाज नवयुवक मंडल शाहपुरा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन लोक सभा अध्यक्ष के निजी सचिव हरिनंद कहार ने किया।

रक्तदान शिविर के संयोजक दुर्गा लाल कहार ने बताया की शाहपुरा से कहार समाज के युवा कोटा पहुंचकर निजी सचिव के निवास स्थान पर पहुंचे और उनको निमंत्रण दिया और 14 फरवरी 2026 को उदयभान गेट स्थित कहार समाज पंचायत भवन में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

पोस्टर विमोचन के दौरान लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव वह प्रदेश अध्यक्ष हरिनंद कहार ने कहा कि रक्तदान महादान होता है।सभी युवा अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने पहुंचे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ लाला राम बैरवा व विशिष्ट अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव वह प्रदेश अध्यक्ष हरिनंद कहार करेंगे।


इस दौरान शाहपुरा से गए पूर्व पार्षद दुर्गा लाल कहार बूथ अध्यक्ष राजू साजन कहार पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भैरू लाल कहार,गणेश कहार,राजू कहार सहित समाज जन उपस्थित रहे।

## श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ेगी आस्था

### सहस्त्रधारा और चिता भस्म आरती होंगे मुख्य आकर्षण

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी के प्रसिद्ध श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अभूतपूर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान शिव और शक्ति के मिलन के इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में दो दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले भर से हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। श्री मसाणिया भैरवनाथ विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के इस महोत्सव का आगाज प्रथम दिवस की रात्रि को बाबा भैरवनाथ के सहस्त्रधारा अभिषेक के साथ होगा। शास्त्रों में सहस्त्रधारा अभिषेक को अत्यंत कल्याणकारी माना गया है, जो वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।



उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम अपनी पूरी भव्यता पर होगा। इस दिन बाबा भोलेनाथ के 12 विशेष अभिषेक किए जाएंगे और साथ ही 12 भव्य महाआरतियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम का सबसे मुख्य और अलौकिक आकर्षण मध्य रात्रि में होने वाली चिता भस्म आरती रहेगी। श्मशान अधिपति के रूप में शिव की यह विशेष पूजा साधकों के लिए आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि महाशिवरात्रि मात्र एक पर्व नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार की रात्रि है। उन्होंने भीलवाड़ा सहित आस-पास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होने का आह्वान किया है ताकि वे इन दुर्लभ अनुष्ठानों का साक्षी बनकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें। मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

# यज्ञ की ज्वाला में तपे जोड़ो ने लिया संकल्प शाहपुरा में हुआ विराट हिन्दू महा सम्मेलन

### 108 कुंडीय महायज्ञ में 1111 जोड़ो ने दी आहुतियां, समरता का विराट संदेश

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में सनातन चेतना के महासागर में परिवर्तन हो गया।जब रामस्नेही,बालाजी मुखर्जी बस्ती में ऐतिहासिक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ।एक दिन पहले भाणा गणेश जी से खान्या के होते हुए मुखर्जी उद्यान के सामने महादेव तक भव्य कलशयात्रा निकाली गई।वहा पर सभी भक्तों को लड्डू का प्रसाद दिया गया।इस कलशयात्रा में महिलाओ-पुरुषो ने बड़े ही उत्साह के साथ भगवान के भजनों पर नृत्य किया व आनंद लिया।उसके दूसरे दिन प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में वैदिक मंत्रोच्चार,यज्ञ कुंडों से उठती अग्नि ज्वालाएं और भारत माता की जय के जयघोष से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से



भर उठा।सम्मेलन का शुभारम्भ 108 कुंडीय समरसता महायज्ञ से हुआ,जिसमे 1111 जोड़ो ने सामूहिक रूप से आहुतियां दी।यह दृश्य सामाजिक समरसता और एकता का अनुपम प्रतीक बना।भारत माता की प्रतिमा पर दिप प्रज्वलन के साथ 'संगठित हिन्दू-संगठित भारत' का संकल्प दोहराया गया।

धर्मसभा में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण ,सनातन संस्कृति संरक्षण और सामाजिक एकता पर जोर दिया।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संग के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भाई ने कहा कि एक संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। उन्होंने युवाओं से सेवा,संस्कार और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

महामंडलेश्वर जगदीश पूरी महाराज ने हिन्दू एकता, परिवारिक संस्कारों व समाज को एक सूत्र में बांधने के बारे में बताया।उन्होंने समय की चुनोतियो के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस दौरान खटीक समाज के श्रवण खटीक को हर पूर्णिमा पर पक्षियों के लिए दाना (अन्न) इक्कठा करने के लिए महामंडलेश्वर जगदीश पूरी महाराज द्वारा श्री फल व श्री राम जी की तस्वीर भेट कर सम्मानित किया गया।

यज्ञ उपरांत अखाड़ा प्रदर्शन और समरशता भोज में सर्व हिन्दू समाज एक पंगत में नजर आए।कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की आरती और राष्ट्र की एकता-अखण्डता का संकल्प लेकर सम्मेलन का समापन हुआ।

## स्वामित्व योजना में लापरवाही पर 5 जीडीओ को चार्जशीट

**चित्तौड़गढ़।** स्वामित्व योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना तथा बजट घोषणा में सम्मिलित एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भारतीय सर्वेक्षण विभाग जयपुर द्वारा जिले के राजस्व ग्रामों के मैप 1.0 जमा कराने हेतु 6 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई थी।

जिला परिषद एवं पंचायत समिति गंगरार द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बावजूद ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा निर्धारित तिथि को भारतीय सर्वेक्षण विभाग जयपुर में उपस्थित होकर मैप 1.0 जमा नही कराने पर गोवलिया पंचायत के राजू चारण, खारखंदा के विक्रम सिंह, उण्डवा के घनश्याम सिंह, जोहरों के खेड़ा के अमन हाड़ा एवं ग्राम पंचायत बूढ मीना चावला को स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के अंतर्गत चार्जशीट जारी की गई है।

## पोटला प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटला में कार्यरत प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पोटला गांव के ग्रामीणों व महिलाओं ने गंगापुर उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

पोटला गांव के ग्रामीण भगवान लाल, बतुल बेगम सहित महिलाओं व पुरुषों ने ज्ञापन देकर बताया कि पोटला माली खेड़ा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिका द्वारा बालकों का अध्यापन कार्य श्रेष्ठ किया जा रहा है। बालको व अभिभावकों के साथ इनका व्यवहार मधुर है। इसी कारण हम अपने बालकों को अध्ययन के लिए माली खेड़ा सरकारी विद्यालय में भेज रहे हैं। पोटला उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व कुछ शिक्षक दुर्भावना से प्रेरित होकर इन शिक्षकों पर झूठ आरोप लगा कर इनको विद्यालय से हटाना चाहते हैं। जिसका हम ग्रामीण विरोध करते हैं। झुठे और बेबुनियाद आरोपो के चलते शिक्षा विभाग व प्रशासन द्वारा इन शिक्षकों विरुद्ध कोई भी कार्रवाई अमल में लाई जाती है तो हम अभिभावक अपने बालकों को दूसरे विद्यालय में भेजने पर विवश होंगे।

वही गंगापुर उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई ने ग्रामीणों को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# टीटोडा पंचायत में ठलेश्वर महादेव मंदिर पर स्वीकृत बांध का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारम्भ

### एसटी मोर्चा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व जहाजपुर विधायक मीणा का काछोला में किया स्वागत

#### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के समक्ष रखी मांग

स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में बीती रात्रि को भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व जहाजपुर विधायक गोपी चन्द मीणा के काछोला में प्रथम आगमन पर भाजपा नेता रमेश चन्द्र काष्ट व टीटोडा जागीर के पूर्व सरपंच बाला देवी काष्ट के नेतृत्व में कार्यताओं ने स्वागत किया।वही भाजपा नेता रमेश चन्द्र काष्ट ने क्षेत्र के टहला सड़क मार्ग से जोरा जी का खेडा डामरीकरण, रूपपुरा ग्राम में बालाजी



मंदिर से चारभुजा मंदिर व स्कूल से नृसिंग भगवान मंदिर तक सीसी सड़क, गोधपुरिया प्राथमिक स्कूल में 2 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, जोधपुरिया ग्राम से मेवासा रोड तक, टीटोडा से रामदेव मंदिर से भैरु जी मंदिर तक सीसी सड़क सहित टीटोडा व नवगठित खेरुणा पंचायत के गांवों के विकास कार्यो को लेकर मांग पत्र सौपा जिस पर प्रदेशाध्यक्ष मीणा ने शीघ्र कार्यो को स्वीकृत कराने का आश्वाशन दिया और कहा कि राज्य सरकार गांवों के विकास के लिए कृत संकल्पित है।

जिसमे धन की कोई कमी नही आएगी।वही विधायक व प्रदेशाध्यक्ष मीणा ने शीघ्र ही टीटोडा पंचायत में ठहलेश्वर महादेव मंदिर पर डीपीआर स्वीकृत मेज नदी पर बनने वाले बांध का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा शिलान्यास करा कर शुभारम्भ कराया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व प्रधान कौशल किशोर शर्मा, सीआई माली राम, संदीप सोनी, विकास काष्ट, अमित काष्ट, सत्यनारायण वैष्णव, मुकेश पराशर, लादू लाल धाकड़, महावीर बसेर, प्रह्लाद गगरानी, दिनेश दाखेडा, अनिल दाखेड़ा, राजेश गगरानी सहित आदि उपस्तिथ थे।

## तस्वारिया बासा में विशाल हिंदू सम्मेलन हुआ निकाली कलश यात्रा

### सम्मेलन में सनातन संस्कृति के संरक्षण और हिंदू समाज को एकजुट करने पर जोर दिया गया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शाहपुरा क्षेत्र के तस्वारिया बासा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ मंडल के डोहरिया, सरदारपुरा, रतनपुरा, बडला, आमली बारेठ गांव से महिलाएं पुरुष ने सम्मेलन में भाग लिया, कलश यात्रा में सजीव झांकिया का प्रदर्शन आकर्षित रहा । सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केशव गोपाल गौशाला सापला के संत अवधेश दास जी महाराज उपस्थित रहे। डॉ.सत्यनारायण कुमावत एसबीओ शाहपुरा (प्रज्ञा प्रवाह सह संयोजक राजस्थान प्रांत) मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं ने बताया कि इस हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति को संरक्षित करना, हिंदू समाज को एकजुट करना और 'संगठन ही शक्ति है' का संदेश देना है। ये सम्मेलन मुख्य रूप से सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जाते हैं।सम्मेलन में जात-पात के भेदभाव को मिटाकर, जाति-वर्ग से ऊपर उठकर एक साझा हिंदू पहचान को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। साथ ही, युवाओं को सनातन मूल्यों और परंपराओं के प्रति जागरूक करने तथा राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष रामकिशन जाट ने कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# मॉडल स्कूल के ईएलसी क्लब ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता संदेश

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉक्टर परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि हाल ही में 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र व दस हजार रुपए की राशि देकर विद्यालय के ईएलसी क्लब को सम्मानित किया गया। सम्मानोपरांत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे भैया बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित पुरस्कार



वितरण समारोह शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील कुमार मीणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार मीणा ने कहा कि भीलवाड़ा जिले में स्वीप कार्यक्रम की जब भी बात आती है तो शाहपुरा को याद किया जाता है। स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता रैली, मेहंदी, रंगोली, कहानी, नारा लेखन, पोस्टर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को संदेश देने का प्रशंसनीय कार्य किया है। इस अवसर पर प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने ईएलसी गतिविधियों की प्रशंसा की तथा ईएलसी क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन जागरूकता अभियान को शत प्रतिशत मतदान के लिए बहु उपयोगी बताया। कार्यक्रम में ईएलसी प्रभारी डॉक्टर परमेश्वर प्रसाद कुमावत व क्लब की चेयरमैन आयुषी गुर्जर, वाइस चेयरमैन श्याम सुंदर जाट व सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा वोट फॉर नेशन की मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा गतिविधि प्रभारी ललित धाकड़ ने की। कार्यक्रम में राजेश धाकड़, मनोज कुमावत, नरेश पाल सिंह धाभाई, आसिफ पिनारा, बुद्धि प्रकाश मीणा, लोकेश कुमार चौधरी, उमेश कुमार जागेटिया, मनीष शर्मा, प्रकाश धोबी, पर्वत सिंह कानावत, शिवराज जाट, रवि कुमार मीणा, अध्यापिका मंजू सेन, सुधा चौहान, ज्योति रावत, रत्ना टेलर, सोनम लढ्ढा उपस्थित रहे।

#### उपखंड अधिकारी ने किया प्रतिभागियों का सम्मान

मॉडल स्कूल के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे प्रतिभागियों का सम्मान उपखंड अधिकारी सुनील कुमार मीणा द्वारा किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में रमण कुमावत प्रथम, अस्मिता नैनावा द्वितीय, जुनैद खान तृतीय रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में गुंजन आसवानी प्रथम, आराध्या राणावत द्वितीय, लक्षिता माली व गुंजन मीना तृतीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में राधिका माहेश्वरी और वैष्णवी पोरवाल प्रथम, चारवी बारहठ द्वितीय,अर्सीन, देवांसी, अनुष्का, वंशिका व अलजोया तृतीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में साक्षी जैन प्रथम,आयुषी बेरवा द्वितीय, दीक्षिता सेन तृतीय रही। कहानी प्रतियोगिता में श्रेया कुमावत प्रथम, शौर्य चौहान द्वितीय, रमण कुमावत तृतीय रहा। मेहंदी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रिया रेगर प्रथम, तमन्ना खटीक द्वितीय रही। मतदाता जागरूकता पर आयोजित लघु नाटिका में चारवी बारहठ, श्रेया कुमावत, अनामिका कंवर, श्रेयल भाटी, मुस्कान नायक, अर्पिता शर्मा, कीर्ति सिंह ने शानदार प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को उपखंड अधिकारी महोदय द्वारा मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।

### महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भीमगंज में वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित

# परिवार का सकारात्मक वातावरण श्रेष्ठ नागरिक और बेहतर राष्ट्र की बुनियाद रखता है:डॉ.माली

## स्थानीय पार्षद रमेश खोईवाल ने दिलाया विद्यालय की छत की मरम्मत हेतु आर्थिक सहयोग का विश्वास, लैपटॉप किया भेट

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर के शहीद चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भीमगंज भीलवाड़ा में वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत कार्यवाहक डॉक्टर शंकर लाल माली, विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ रामेश्वर लाल जीनगर थे। कार्यक्रम का शुभ श्रीगणेश मंचासीन अतिथियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं भारत के युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद को माल्यार्पण द्वारा किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह राव ने मंचासीन अतिथियों का केसरिया उप्पर्णा ओढाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया और विद्यालय की उपलब्धियां एवं आवश्यकताओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. माली ने आशीर्वाद समारोह में उपस्थित अभिभावकों से और बच्चों से परिवार में सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए आवाहन किया। उन्होने कहा की परिवार का सकारात्मक वातावरण श्रेष्ठ नागरिक और बेहतर राष्ट्र की बुनियाद रखता है। साथ ही उन्होने राष्ट्र को सर्वोपरी मानते हुए भारत भक्ति की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। छात्रों से अपनी चीजों को व्यवस्थित रखने की आदत विकसित कर परिवार को स्वच्छ विद्यालय को स्वच्छ समाज को राष्ट्र को स्वच्छ रखने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को परीक्षा की तकनीकी बारीकियों की जानकारी देकर परीक्षा में सफलता एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्थानीय पार्षद एवं समाजसेवी रमेश खोईवाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही पार्षद खोईवाल ने विद्यालय में लैपटॉप भेट किया और विद्यालय की छत की मरम्मत हेतु आर्थिक सहयोग का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं ने गरबिलय और गौरवशाली राजस्थान की महिमा का बखान करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय के भामाशाह सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनारायण बिरला, मंत्री मनीष बहेड़िया का विद्यालय परिवार ने धन्यवाद आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के यूसीईओ सुषमा विश्नोई सहित श्रीमती कविता कल, भेरूलाल खटीक, सुरेश कुमार लखारा, विक्रम सिंह जैन, जगदीश चंद्र शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, शहीद चौक व्यापार संघ के मुकेश अग्रवाल, महावीर जैन अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक रोशन लाल देवपुरा ने किया।

# प्रशासन ने बाल विवाह रुकवाया



स्मार्ट हलचल


**सवाईपुर।** बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत जिले में बाल विवाह के खिलाफ मजबूती से अभियान चलाते हुए यह सुनिश्चित करने में लगा है कि भीलवाडा जिले को जल्द से जल्द बाल विवाह मुक्त बनाया जाये । नवाचार संस्थान द्वारा भीलवाडा जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र के थला गांव से बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई, जिसकी सूचना संस्थान टीम द्वारा संबंधित उपखंड अधिकारी व थानाधिकारी को दी, बडलियास थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल के निर्देशन पर स्ढ़ मुकेश कुमार, बजरंग लाल सेन, राजेंद्र मीणा व शैतान सिंह नवाचार संस्थान से जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह चारण व गिरदावल व पटवारी थाना टीम के नेतृत्व में मोके पे जाकर नाबालिग बच्चों के कागजात चैक किए, जिस बच्चो की उम्र नाबालिग पाई, जिस पर बाल विवाह रुकवाया गया और परिजनों को बाल विवाह न करने हेतु पाबंद किया व जब तक बच्चो की उम्र बालिग नही हो जाती है तब तक उनकी शादी नही करेगे यह सपथ पत्र लेकर बाल विवाह न करने की समझाइश की व हिदायत दी कि अगर आप अपने बच्चों की शादी नाबालिग उम्र में करते हैं तो आपके विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संस्थान सचिव अरुण कुमावत के मार्गदर्शन में भीलवाडा टीम से जिला समन्वयक जीतेन्द्र सिंह तोमर, रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर भगवत सिंह चारण शामिल रहे।

### नारायणपुर क्षेत्र में चोरों का आतंक

# लीलामंढा में दिन-दहाड़े सूने मकान से लाखों के जेवरात और नकदी पार

## ग्रामीणों में भारी रोष

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत विजयपुरा के लीलामंढा गांव में रविवार को बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए मकान में घुसकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के कीमती जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लीलामंढा निवासी रामनिवास शर्मा पुत्र गुलजारी लाल रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे अपने पूरे परिवार के साथ विराटनगर में एक लग्न-टीका कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर के सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दीवार पर गांठनुमा लकड़ी की बल्ली लगाकर मकान के भीतर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान को समेट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना का पता उस समय चला जब पीड़ित परिवार शाम करीब 8 बजे घर लौटा। मुख्य द्वार खोलकर अंदर जाने पर कमरे में अलमारी का ताला टूटा मिला और सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोर उनकी बड़ी पुत्रवधू दया देवी के सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें सोने की एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की दो जोड़ी पायजेब, बच्चों के कड़े व झांवरे शामिल हैं, साथ ही 20 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। परिवार के अनुसार चोरी में करीब 4 से 5 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए।

इस वारदात के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले 27 दिसंबर को अजबपुरा में ज्वैलर्स की दो दुकानों के ताले तोड़कर चोर 29 लाख रुपये के गहने और नकदी ले गए थे, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। इस संबंध में थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई हैं। उन्होंने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन - शेखावत

स्मार्ट हलचल|बानसूर




कस्बें के निकटवर्ती नारायणपुर कस्बे में रविवार को श्री रामनाथ अलग सेवा समिति के तत्वावधान में सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। सम्मेलन में विभिन्न समाजों के कुल 11 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। शाही बारात सियाराम दास मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई विवाह स्थल तक पहुंची, जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक देवी सिंह शेखावत ने शिरकत कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विधायक शेखावत ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समरसता, भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित होते हैं और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी सहायक हैं।

समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामवतार शर्मा एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिला अध्यक्ष सुनील रागेरा ने बताया कि यह समिति का 12वां सामूहिक विवाह सम्मेलन है। सम्मेलन में सभी 11 नवविवाहित जोड़ों को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, अलमारी, संदूक, सिलाई मशीन, फ्रिज, बैग सहित घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान भेंट किया गया। विवाह की सभी रस्में पंडितों द्वारा विधिवत संपन्न कराई गईं, वहीं अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर, गिरीश राठौड़, कार्यक्रम संयोजक सुरेश ज्ञानपुरिया, डॉ. विजय यादव, गणेश सैनी, एसीबीईओ इंद्राज गुर्जर, राजेश देवशन, डॉ. हरीश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, दुलीचंद सोलंकी, विजय चौधरी, विजयपुरा सरपंच मोहनलाल, डॉ.बाबूलाल, सुनीता सुरेला, अशोक नैनावत, अशोक रागेरा, निर्मल सुरेला, शेरसिंह हमीरपुर, नगेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि ग्रामीण मौजूद रहे।


# विधायक मीणा ने कांटी में विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किये



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के कांटी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को जहाजपुर कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा व निवर्तमान प्रधान करण सिंह बलवा ने कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया । प्रशासक रतन लाल बलाई ने बताया कि सोमवार को जहाजपुर कोटड़ी विधायक व भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा और कोटली निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा कांटी पहुंचे, जहां पर उनका रेगिस्तान के जहाज ऊंट पर बैठाकर गांव में जुलूस निकालते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे, विद्यालय में प्रार्थना स्थल व कक्षा कक्षा का लोकार्पण किया, इसी दौरान कांटी ग्राम पंचायत क्षेत्र में किए गए और भी कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया, इस दौरान विधायक मीणा ने एक बुजुर्ग के हाथ पर कांठी से घेवरिया पुलिया को 1 साल के अंदर बनाने का लिखकर आश्वासन दिया । इस दौरान अतिथियों का साफा, माला पहनाकर तथा गदा भेंटकर स्वागत किया । इसके साथ ही कांटी प्रीमियर लीग कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता टीमों को पारितोषिक को देकर सम्मानित किया । इस दौरान उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, जहाजपुर निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, कोटड़ी मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, नदराय पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, कोठाज प्रशासक गोपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश तिवाड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संपत सुवालका, कैलाश सुवालका आदि जनप्रतिनिधि रहे मौजूद।

# दुर्ग पर पार्किंग कार्मिकों की दादागीरी, मारपीट में टेम्पो चालक गंभीर घायल



**चित्तौड़गढ़।** विश्व विख्यात चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर पार्किंग ठेकेदार के कार्मिकों की जबरन वसूली से यहां आने वाले देशी विदेशी पर्यटक ही नहीं स्थानीय टेम्पो चालक भी परेशान हैं, इतना ही नहीं पार्किंग कार्मिकों की दादागीरी लड़ाई झगड़े और मारपीट तक पहुंच गई है। यहां आए दिन पर्यटकों, टेम्पो-टैक्सी चालकों के साथ कहासुनी होना तो सामान्य बात है। लेकिन पार्किंग कार्मिकों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि एक स्थानीय टेम्पो चालक के साथ मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इस सबंध में पीड़ित टेम्पो चालक ने इंसाफ की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के समक्ष गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार टेम्पो चालक दिनेश मेघवाल हमेशा की तरह सवारियां लेकर दुर्ग पर भ्रमण कराने ले गया था। जहां पर्यटक मीरा मंदिर दर्शन करने गए, इस दौरान वह पार्किंग के पास टेम्पो लेकर खड़ा था। इसी दौरान पार्किंग शुल्क की मांग को लेकर ठेकेदार के कार्मिकों ने उसे पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। इस संबंध में घायल टेम्पो चालक ने कोतवाली में प्रकरण दर्ज कराया, इसके साथ ही सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जानकारी में आया है कि दुर्ग पर पार्किंग के लिए दिये गये टेंडर में पुरातत्व विभाग द्वारा दरें निर्धारित की गई हैं। जिसमें मोटरसाइकिल के 10 रूपये, ऑटो रिक्शा के 20 रूपये, कार के 50 और मिनी बस के 80 रूपये निर्धारित हैं। लेकिन दुर्ग पर कार्यरत ठेकेदार द्वारा पर्यटकों से मोटरसाइकिल के 20 रूपये, टेम्पो से 30 रूपये, कार से 50 रूपये वसूल किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कार की ही श्रेणी में आने वाली जीप क्रुजर आदि गाड़ियों से 80 रूपये वसूली की जा रही है।

# एनएसएस के एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**चित्तौड़गढ़।** राजकीय कृषि महाविद्यालय बस्सी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य अक्षय ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन स्थापित इकाई के एक दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना व उद्देश्यों की जानकारी दी गई। शिविर में छात्र/छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रभारी ने राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, अंहिसा एवं मानवीय मूल्यों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

# आमजन को बताया फ़िकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के फायदे



स्मार्ट हलचल|गंगापुर

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की केप इकाई की ओर से परियोजना कार्य की जानकारी पंचतीर्थ बालाजी रोड बावड़ी दरवाजा वार्ड नंबर 12 आमजन के साथ बैठक का आयोजन कर जानकारी दी। सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत परियोजना कार्यो की जानकारी महिलाओ को एफएसटीपी ओर एफएसएसएम के बारे मे जानकारी दी। महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे बताया गया। उन्हे ई श्रम कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्हे कार्ड बनाने के लिए बताया और सभी महिलाओ को साफ सफाई स्वछता का पुरा ध्यान रखने को बताया।

साथ हि महिलाओं ने स्वछता कि शपथ ली जिससे गली मोहल्ला साफ सुथरा रहेगा। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने उपस्थित महिलाओ को बताया कि आपके घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल जल को टैंकों में भरकर रायपुर रोड़ नेहरु नगर में बन रहे एफएसटीपी में ले जाया जाएगा। वहां इसको ट्रीट कर खाद बनाया जाएगा और खेती में उपयोग लिया जाएगा। इससे जो गंदगी होती थी उससे निजात मिलेगी व वातावरण स्वच्छ रहेगा। इस कार्यक्रम में कमला सरगरा, नबीसा बानू सिमरण, जुबेदा, जमीला बानू, मीना, सोफिया, रेहाना, हसीना, सपना जोशी का सहयोग रहा।

# हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर से स्टेडियम बनेगा या शहर के लिए सिरदर्द?

## गोरा बादल स्टेडियम का 'सर्वांगीण विकास' कहीं यातायात का सर्वनाश न बन जाए

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़



जिले के ऐतिहासिक गोरा बादल स्टेडियम के सर्वांगीण विकास को लेकर जिला प्रशासन और हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के बीच एमओयू तो बड़े उत्साह से साइन कर लिया गया, लेकिन सवाल यह है कि क्या कागज़ों पर चमकता यह 'आधुनिक स्टेडियम' ज़मीनी हकीकत में चित्तौड़गढ़ शहर के लिए भविष्य की सबसे बड़ी यातायात चुनौती बन जाएगा?

जिस गोरा बादल स्टेडियम को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए विकसित करने की बात कही जा रही है, उसके आसपास की भौगोलिक और तकनीकी परिस्थितियों पर यदि नज़र डाली जाए तो यह 'विकास' कम और 'व्यवधान' अधिक नज़र आता है।

### एमओयू साइन, लेकिन डीपीआर की आत्मा गायब?

खेल विशेषज्ञों और शहरी नियोजन से जुड़े जानकारों का कहना है कि किसी भी राज्य या राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट सबसे अहम दस्तावेज होती है। इसी डीपीआर में यह तय होता है कि– स्टेडियम तक पहुँचने वाली सड़कों की न्यूनतम चौड़ाई कितनी हो, दर्शकों के लिए कितनी पार्किंग अनिवार्य है, खिलाड़ियों, वीआईपी, मीडिया और आम दर्शकों के लिए अलग-अलग आवाजाही कैसे होगी, आपात स्थिति में निकासी (इमरजेंसी एग्ज़िट) की क्या व्यवस्था होगी, भारतीय मानकों के अनुसार, 20-25 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम के लिए कम से कम 30 से 45 मीटर चौड़ी पहुँच सड़कें, सैकड़ों चारपहिया और हजारों दुपहिया वाहनों की पार्किंग, तथा खुला बफर एरिया अनिवार्य माना जाता है।

### हंसी का पात्र न बन जाए 'आधुनिक स्टेडियम'

शहरवासियों के बीच यह चर्चा आम हो चली है कि कहीं ऐसा न हो कि करोड़ों रुपये के सीएसआर फंड से बना स्टेडियम तो खड़ा हो जाए, लेकिन-मैच के दिन दर्शक पैदल चलने को मजबूर हों, एम्बुलेंस ट्रैफिक में फंसी रहे और पूरा शहर 'मैच देखो या जाम झेलो' की स्थिति में आ जाए यदि ऐसा हुआ तो यह स्टेडियम खेल प्रतिभाओं से अधिक सोशल मीडिया मीम्स और व्यंग्य लेखों का विषय बन सकता है।

अब भी वक्त है- जानकारों का मानना है कि अभी भी समय है कि जिला प्रशासन और हिन्दुस्तान जिंक- स्थान की पुनर्समीक्षा करें। भारतीय खेल अवसंरचना मानकों के अनुसार डीपीआर को सार्वजनिक करें। सड़क चौड़ीकरण, पार्किंग और ट्रैफिक प्लान को प्राथमिकता दें ताकि गोरा बादल स्टेडियम वास्तव में चित्तौड़गढ़ की पहचान बने, न कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी ट्रैफिक जाम की विरासत।

### गोरा बादल स्टेडियम: जगह कम, सपने बड़े

विडंबना यह है कि जिस स्थान पर गोरा बादल स्टेडियम स्थित है, वहां पहले से ही–संकरी सड़कें, घनी आबादी, सीमित पार्किंग और रोज़ाना का भारी यातायात मौजूद है। ऐसे में यदि यहां राज्य या राष्ट्रीय स्तर का मुकाबला हुआ तो सवाल यह है कि दर्शक अपने वाहन कहां खड़े करेंगे? क्या मैच के दिन पूरा चित्तौड़गढ़ जाम में तब्दील हो जाएगा?

### सीएसआर फंड, लेकिन शहर की कीमत पर?

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर मद से स्टेडियम का विकास निस्संदेह एक सराहनीय पहल है, लेकिन क्या सीएसआर फंड का उपयोग ऐसे स्थान पर करना उचित है, जहां तकनीकी मानकों की अनदेखी भविष्य में शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन जाए?

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि स्टेडियम के लिए पर्याप्त भूमि, चौड़ी सड़कें और नियोजित पार्किंग नहीं है, तो यह परियोजना आने वाले वर्षों में विकास का प्रतीक नहीं बल्कि प्रशासनिक अदूरदर्शिता का उदाहरण बन सकती है।

# प्रतापपुरा पंचायतवासियों का विधायक बैरवा को सड़क निर्माण का पत्र

## विधायक ने दिया आश्वासन–जल्द मिलेगी पक्की सड़क!



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुरा पंचायत के क्षेत्रवासियों ने आज माननीय विधायक श्री लाला राम जी बैरवा को रायपुर से गाडरी खेड़ा होकर निबेड़ा तक सड़क निर्माण की मांग वाला पत्र सौंपा। पत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना या अन्य सड़क विकास योजनाओं में इसे तत्काल शामिल करने का अनुरोध किया गया है।

पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्रवासियों ने बताया कि टूटी सड़क से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, बच्चे स्कूल लेट पहुंचते हैं, एम्बुलेंस फंस जाती है, और चुनावों में वोटिंग में बुजुर्गों-महिलाओं को भारी परेशानी होती है। उन्होंने एमएलए के पिछले विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र का स्वर्णिम द्वार बनेगी, जिससे आय दोगुनी, रोजगार बढ़ेगा और पर्यटन फलेगा।

एमएलए का सकारात्मक जवाब:- पत्र मिलते ही श्री लाला राम जी बैरवा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'ये गांव जल्द ही पक्की सड़क पा लेंगे। मैं तुरंत संबंधित विभागों को निर्देश देकर इसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना या किसी प्रमुख योजना में शामिल करा दूंगा। कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।' उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग पूरी तरह जायज है और विकास के पथ पर कोई रुकावट नहीं आएगी।

क्षेत्रवासी खुशी से झूम उठे। अब सभी की निगाहें इस सड़क पर हैं, जो लोकतंत्र की प्रक्रिया को मजबूत बनाएगी। जय राजस्थान।

## फोटो की राजनीति और गुटों की जंग

# चित्तौड़गढ़ भाजपा में संगठन से पहले सत्ता की चिंता

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ भाजपा में पोस्टर राजनीति के ज़रिए अंदरूनी गुटबाजी अब खुलकर सामने आ चुकी है। संगठनात्मक असंतुलन इस कदर गहरा गया है कि नगर परिषद् और पंचायती राज चुनावों से पहले पार्टी की राह मुश्किल होती दिख रही है। बधाई बैनर अब महज़ औपचारिकता नहीं रहे, बल्कि समर्थन, निष्ठा और भविष्य की राजनीति के संकेत बन चुके हैं। कार्यकर्ता असमंजस में हैं और नेतृत्व पर अविश्वास लगातार गहराता जा रहा है–जिसका सीधा लाभ विपक्ष को मिल सकता है।

'बधाई बैनर में किस नेता का फोटो, कितना बड़ा और किसे हटाया जाए? '

चित्तौड़गढ़। जिले की राजनीति में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान अब बंद कमरों या संगठनात्मक बैठकों तक सीमित नहीं रह गई है। यह संघर्ष अब सड़कों पर लगे बधाई बैनर और पोस्टरों में साफ़ दिखाई देने लगा है।

जिला भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी के बाद कार्यकर्ताओं के बीच एक संवेदनशील और असहज सवाल चर्चा के केंद्र में है–

बधाई बैनर में किन नेताओं के फोटो लगाए जाएं, किसका फोटो बड़ा हो और किसे जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया जाए।

नगर परिषद् और पंचायती राज चुनावों से पहले यह स्थिति भाजपा के लिए केवल संगठनात्मक असहजता नहीं, बल्कि एक गंभीर राजनीतिक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है।




### कार्यकर्ताओं में बढ़ती बेचैनी:

जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि मेहनत बूथ और मंडल स्तर पर होती है, लेकिन निर्णय सीमित और बंद दायरे में लिए जाते हैं। इससे यह भावना गहराती जा रही है कि कार्यकर्ता अब केवल चुनावी ज़रूरत बनकर रह गया है। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'आज कार्यकर्ता पार्टी के हित से ज़्यादा यह सोचने को मजबूर है कि उसे किस गुट के साथ खड़ा दिखना चाहिए, ताकि उसका भविष्य सुरक्षित रह सके। ' यह स्थिति संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ताओं के मनोबल–दोनों के लिए गंभीर रूप से घातक मानी जा रही है।

### 'हाथियों की लड़ाई में झाड़ियों का नाश'

यदि चित्तौड़गढ़ की भाजपा राजनीति पर कोई कहावत सटीक बैठती है, तो वह यही है– 'हाथियों की लड़ाई में झाड़ियों का नाश। '

गुटों के बीच वर्चस्व की इस लड़ाई में सबसे ज़्यादा नुकसान छोटे, निष्ठावान और मेहनती कार्यकर्ताओं को उठाना पड़ रहा है। दूसरी ओर, सत्ता की शतरंज पर चालें चल रहे जनप्रतिनिधि और बड़े नेता इस मानसिकता में दिखते हैं कि– चाहे प्यादे, हाथी, घोड़े या ऊंट की बलि क्यों न देनी पड़े, लेकिन वज़ीर और राजा हर हाल में सुरक्षित रहने चाहिए।

यह रणनीति संगठन की मजबूती से ज़्यादा व्यक्तिगत सत्ता संतुलन पर केंद्रित दिखाई देती है।

### विकास के दावे बनाम जमीनी हकीकत:

भाजपा विकास और योजनाओं को लेकर मजबूत दावे करती रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं–

योजनाओं का लाभ समान रूप से क्यों नहीं दिखता?

स्थानीय निकायों को वास्तविक अधिकार क्यों नहीं मिले और जनता की रोजमर्रा की समस्याएं प्राथमिकता से बाहर क्यों रहीं? जब विकास का दावा जमीनी अनुभव से मेल नहीं खाता, तो उसका पहला असर संगठन पर और फिर चुनावी नतीजों पर पड़ता है।

### आज का कार्यकर्ता बदल चुका है:

पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज़ है कि नेतृत्व अब भी कार्यकर्ता को केवल वोट बैंक साधने की कड़ी के रूप में देख रहा है। कार्यकर्ताओं का साफ़ कहना है कि अब न भोज, न दावत और न ही चुनावी प्रलोभन उन्हें संतुष्ट कर सकते हैं। आज का पढ़ा-लिखा कार्यकर्ता अपने भविष्य, रोज़गार और सम्मान को लेकर सोचता है। वह नेता के साथ फोटो खिंचवाने से ज़्यादा संगठन में अपनी भूमिका और पहचान चाहता है।

### केंद्र और राज्य नेतृत्व के लिए साफ संदेश:

चित्तौड़गढ़ से जयपुर और दिल्ली तक पहुंच रहे फीडबैक में संकेत स्पष्ट हैं– संगठनात्मक अनुशासन कमजोर हो रहा है, संवाद की कमी बढ़ रही है और विकास की राजनीति पर अंदरूनी सत्ता संघर्ष हावी होता दिख रहा है। ऐसे में आने वाले समय में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, संगठनात्मक बैठकों और संतुलन साधने वाले कड़े फैसलों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर चित्तौड़गढ़ में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि अपनी ही अंदरूनी एकजुटता है। जब बधाई बैनर और पोस्टर भी राजनीतिक भविष्य तय करने लगें, तो यह साफ संकेत है कि संगठन को गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। नगर परिषद् और पंचायती राज चुनाव केवल स्थानीय सत्ता की लड़ाई नहीं होंगे– बल्कि यह तय करेंगे कि भाजपा केवल सत्ता में है या वास्तव में अपने कार्यकर्ताओं और ज़मीन से जुड़ी हुई भी है।

### पोस्टर नहीं, भविष्य की राजनीति का संकेत

पार्टी सूत्रों के अनुसार यह विवाद अब केवल प्रचार सामग्री तक सीमित नहीं है। बैनर-पोस्टर कार्यकर्ताओं के लिए यह तय करने का पैमाना बनते जा रहे हैं कि– किस नेता या गुट से जुड़ना भविष्य के लिए सुरक्षित रहेगा और किससे दूरी रखना राजनीतिक रूप से समझदारी होगी।

यही कारण है कि मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता असमंजस में हैं। उन्हें आशंका है कि एक गलत पोस्टर, गलत फोटो या किसी प्रभावशाली नेता की अनदेखी उनके संगठनात्मक भविष्य पर भारी पड़ सकती है। यह डर अपने आप में इस बात का संकेत है कि संगठन के भीतर विश्वास की जगह असुरक्षा ने ले ली है।

### टिकट वितरण और नेतृत्व संतुलन सबसे बड़ी चुनौती

नगर परिषद् और पंचायती राज चुनावों को लेकर भाजपा के भीतर बेचैनी की सबसे बड़ी वजह टिकट वितरण और नेतृत्व संतुलन को लेकर संभावित असहमति मानी जा रही है।

स्थानीय निकाय चुनावों में जहां व्यक्तिगत पकड़, स्थानीय भरोसा और कार्यकर्ता नेटवर्क निर्णायक भूमिका निभाते हैं, वहीं गुटबाजी की स्थिति में वोट ट्रांसफर कमजोर पड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कार्यकर्ताओं का एक वर्ग निष्क्रिय या तटस्थ हुआ, तो इसका सीधा फायदा कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों को मिल सकता है।

# पूर्व प्रधान राठौड़ के गांव के खस्ताहाल रास्ते, आमजन परेशान

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** यह हाल है पूर्व प्रधान प्रवीण सिह राठौड़ के गांव ओरडी के जहा खस्ताहाल रास्तो से आमजन परेशान है।

जालमपुरा पंचायत के ओरडी गांव के शांतिलाल जाट ने बताया कि पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह के निजी गांव ओरडी होने के बावजूद भी गांव के मुख्य सड़क मार्ग का यह हाल है, पूरे रास्ते मे खड्डे ओर कीचड़ हो रहा। यह गांव का मुख्य मार्ग होने के साथ-साथ चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से भी जुड़ा हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय सांसद-विधायक को भी अवगत करवाया इसके बावजूद पिछले कई सालों से गांव के लोगों को आवाजाही में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग यहाँ गिरकर चोटिल ओर घायल हो चुके हैं लेकिन अभी भी



इस सड़क मार्ग का कोई धणी धोरी नहीं है। जनप्रतिनिधियों को बार बार करने पर सिर्फ बजट का हवाला देकर ग्रामीणों को बार-बार सांत्वना दे देते हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से जल्द इस गम्भीर समस्या से निजाज दिलाने की मांग की है।

# शिक्षा की उम्र में नाबालिक से कराई जा रही नाला की सफाई



### फोटो वायरल

स्मार्ट हलचल | खखरेरू फतेहपुर

खखरेरू क्षेत्र के विजयीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कुल्ली के रहमतपुर गांव में बाल श्रम का एक मामला सामने आया है, जिसने जिला प्रशासन के बाल श्रम उन्मूलन के दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। आरोप है कि गांव में नाबालिग बच्चों से नालों की सफाई जैसे कठिन कार्य करवाए जा रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि किसी भी नाबालिग बच्चे से श्रम नहीं कराया जाएगा। हाल ही में एक राहगीर द्वारा खींची गई तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें एक लगभग 10 वर्षीय नाबालिग बच्चा नालों की सफाई करता दिख रहा है। यह तस्वीर सामने आने के बाद से लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। वायरल फोटो में दिख रहा बच्चा जिस उम्र में स्कूल जाकर शिक्षा ग्रहण कर कलम पकड़ना चाहिए, उस उम्र में उसे गंदगी से भरे नालों की सफाई जैसे जोखिम भरे काम में लगाया गया है। यह स्थिति बाल अधिकारों के हनन और प्रशासन की उदासीनता को उजागर करती है।

हालांकि, आपका अपना अखबार दैनिक जागरण वायरल फोटो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन इस घटना ने ग्राम पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ग्रामीण इकबाल , न्यामत उल्ला, नरसिंह पटेल, वलीद आदि सवाल पूछ रहे हैं कि क्या ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी नहीं हैं यदि हैं, तो नाबालिग बच्चों से सफाई क्यों कराई जा रही है। बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है। जमीनी स्तर पर अभी भी बहुत बच्चों को सुरक्षित और शिक्षाप्रद वातावरण मिलना उनका मौलिक अधिकार है, और इस अधिकार का हनन किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

# मुस्कान का वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन



**चित्तौड़गढ़।** 5वीं इंडियन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चित्तौड़गढ़ की होनहार खिलाड़ी मुस्कान चौबीसा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर कैटेगरी के 50 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले, राज्य और देश का गौरव बढ़ाया है।

राजस्थान राज्य किक बॉक्सिंग संघ के सचिव पुष्पेंद्र गुर्जर ने बताया कि मुस्कान राजस्थान टीम की प्रतिनिधि खिलाड़ी हैं। उन्होंने इससे पूर्व हाल ही में आयोजित जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। मुस्कान की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उनके कोच गौरव कामरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन आगामी सितंबर माह में आयोजित होने वाली वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हो चुका है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।

# सावा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पुनः चालू करवाने के लिए पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व एवं ग्राम पंचायत सावा के बैनर तले ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत सावा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पुनः चालू करवाने के लिए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में चित्तौड़गढ़ में पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत ने जो कार्य स्वीकृत करवाए गए थे जो वर्तमान में किसी कारणवश अधूरे रह गए हैं, जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उपतहसील सावा, जिसमें कर्मचारियों के पद स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है,



उसे शीघ्र चालू करवाने, आईटीआई सावा की बिल्डिंग बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग को हैंडओवर नहीं की गई है, वर्तमान में आईटीआई की कक्षाएं चित्तौड़गढ़ राजकीय आईटीआई में संचालित हो रही हैं। अतः आईटीआई बिल्डिंग विभाग को हैंडओवर कराकर कक्षाएं सावा में ही प्रारम्भ करवाने, सावा से मीणों का कंथारिया रोड का कार्य, जो मीणों का कंथारिया से पहले ही रोक दिया गया है, उसे पुनः चालू करवाने। अतिवृष्टि से जो किसानो को नुकसान हुआ है उसका मुवावजा दिलाया जाये उक्त कार्यों के अधूरे रहने से आम जनता को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा ग्राम विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, सरपंच कन्हैया लाल मेघवाल, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश गारू , रघुवीर सिंह, किशन जोशी, अकरम हुसैन, अवदेश नवाल, कालु लाल मेघवाल, मोहन पूर्बिया, अमजद शेख, श्याम लाल सुखवाल, निजाम शेख, मंजूर शेख, अक्कल शेर, गुड्डु खान, रामचंद्र मीणा, दीपक जोशी, हीरालाल पूर्बिया, पप्पू पूर्बिया सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# स्वर्णिम इतिहास रचने वाले अंतरराष्ट्रीय लैक्रोज विजेताओं का उदयपुर में अभूतपूर्व सम्मान

## एशियाई खेलों में दोहरी स्वर्ण सफलता के बाद नगर हुआ गर्व से गूंजायमान

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

रियाद, सऊदी अरब में आयोजित एशियाई लैक्रोज गेम्स में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले भारतीय दल के उदयपुर लौटने पर पूरा नगर उत्सव में डूब गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराने वाले स्थानीय जनजाति अंचल के इन होनहार खिलाड़ियों का नागरिकों ने भावविभोर होकर भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। नगर के कोने-कोने में देशभक्ति के नारों, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के बीच खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया।

मुंबई से बस द्वारा महाराणा प्रताप खेल गांव पहुंचने पर भारतीय महिला टीम की कप्तान सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, मीरा दौजा, यशिष्ठा बत्रा, डाली गमेती, रोशनी बोस, मुकन कुमारी गुर्जर एवं जानवी राठौड़ तथा पुरुष वर्ग के खिलाड़ी मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती, दयाशंकर गमेती, नारायणलाल गमेती, निशांत नागदा और प्रशिक्षक नीरज बत्रा का परिजनों, स्थानीय नागरिकों, खेल संगठनों के प्रतिनिधियों, कश्ती फाउंडेशन की संस्थापक श्रद्धा मुर्डिया तथा असंख्य खेल प्रेमियों द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर, जयघोष के साथ स्वागत किया गया।



इसके पश्चात खिलाड़ियों को महाराणा प्रताप खेल गांव से विशाल रैली के रूप में देशभक्ति नारों और संगीत की धुनों पर नाचते-गाते आरटीओ स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर ले जाया गया, जहां दर्शन कर देश, प्रदेश एवं टीम की निरंतर सफलता की कामना की गई। दर्शन उपरांत पंजाबी बाग गार्डन में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। यहां वरिष्ठ नागरिक अशोक शर्मा के नेतृत्व में खिलाड़ियों की माताओं एवं बहनों ने आरती कर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह स्थल फूल-मालाओं, तिरंगों और उल्लास से सराबोर रहा।

इसके बाद स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां लैक्रोज खेल की प्रवर्तक एवं उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने सभी खिलाड़ियों का शाल, उपरणा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया तथा आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और भी बड़ी सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों के परिजनों एवं ग्रामवासियों ने लैक्रोज खेल को बढ़ावा देने, अभ्यास हेतु मैदान उपलब्ध कराने, स्पॉन्सरशिप दिलाने तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में दिए गए अमूल्य सहयोग हेतु संभागीय आयुक्त के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग कन्हैयालाल स्वामी की उपस्थिति भी रही, जिनका खिलाड़ियों के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों हेतु आभार प्रकट किया गया।

इसके पश्चात खिलाड़ी रामपुरा चौराहा पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में मौजूद खेल प्रेमियों ने पुष्पवर्षा कर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। वहां से खिलाड़ियों का भव्य जुलूस ग्राम पंचायत धार पहुंचा, जहां जोरदार आतिशबाजी के बीच ग्रामीणों ने विजेता खिलाड़ियों को कंधों पर उठाकर पूरे गांव में भ्रमण कराया। पूरा क्षेत्र देशभक्ति और गर्व के वातावरण से ओत-प्रोत हो गया।

उदयपुर प्रशासन द्वारा गांधी ग्राउंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान भी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने 'भारत माता की जय' और 'इंडिया-इंडिया' के गगनभेदी नारों से विजेता खिलाड़ियों का ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने भी खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अभूतपूर्व सम्मान और जनसमर्थन से खिलाड़ियों में अपार गर्व की अनुभूति हुई तथा उनका आत्मविश्वास और मनोबल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया। यह स्वर्णिम सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# भींडर से वल्लभनगर तक सम्मान की मिसाल, सीआई पूनाराम गुर्जर की ऐतिहासिक विदाई

### जनता ने घोड़े पर बैठाकर डीजे के साथ निकाला जुलूस

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर जिले के भींडर थाने में थानाधिकारी पद पर कार्यरत रहे सीआई पूनाराम गुर्जर का स्थानांतरण भींडर से वल्लभनगर थाना किया गया। रविवार सुबह भींडर थाने से उनकी भावुक और भव्य विदाई हुई, जिसमें भींडर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने मेवाड़ी पाग व माला पहनाकर सीआई पूनाराम गुर्जर का पारंपरिक तरीके से सम्मान किया। इसके बाद उन्हें घोड़े पर बैठाकर डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान पुलिसकर्मी और थाना क्षेत्र की जनता उत्साह और सम्मान के साथ थिरकती नजर आई। पूरे माहौल में अपनापन और सम्मान देखने को मिला।

भींडर थाने से विदा होने के बाद सीआई पूनाराम गुर्जर वल्लभनगर थाना पहुंचे, जहां उन्होंने दोपहर 12 बजे विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सीआई पूनाराम गुर्जर ने अपने कार्यकाल में निष्पक्ष कार्यशैली, सख्त कानून व्यवस्था और जनता से सीधा संवाद कायम रखा,



इसी वजह से उनकी विदाई एक अधिकारी नहीं, बल्कि अपने व्यक्ति की विदाई जैसी रही।

### थानाधिकारी मुकेश कुमार ने घोड़े की रस्सी पकड़कर दी विदाई -

भींडर थाना में नवपदस्थ थानाधिकारी मुकेश कुमार ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही मानवीय और भावनात्मक पहलू को भी सामने रखा। उन्होंने सीआई पूनाराम गुर्जर को घोड़े पर बैठाया और स्वयं घोड़े की रस्सी पकड़कर थाने से बाहर तक विदाई दी। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए खास रहा, जिसे कई लोगों ने अपने कैमरों में कैद किया।

### सीआई ने भींडर थाना क्षेत्र का जताया आभार

भींडर थाने से विदाई के बाद सीआई पूनाराम गुर्जर ने एक वीडियो शेयर करते हुए भींडर थाना क्षेत्र की जनता का आभार जताया। गुर्जर ने कहा कि मुझे यहां जो जनता ने सहयोग और स्नेह दिया जो मेरे कार्यकाल का एक शानदार लम्हा है, जिसे में संजोकर रखूंगा।

### वल्लभनगर थाने में लंबे इंतजार के बाद मिली स्थायी नेतृत्व व्यवस्था

उदयपुर जिले के वल्लभनगर उपखंड मुख्यालय स्थित वल्लभनगर थाना सर्कल में लंबे समय से सीआई का पद रिक्त था। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुभवी अधिकारी पुनाराम गुर्जर को वल्लभनगर सर्कल इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। उनके आने से प्रशासनिक कार्यों और कानून व्यवस्था की निगरानी को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वल्लभनगर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने सीआई गुर्जर का गर्मजोशी से स्वागत किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष मुनेश पोखरणा सहित अन्य पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर और साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया। कार्यभार संभालने के बाद सीआई पूनाराम गुर्जर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना रहेगी। उन्होंने व्यापारियों और ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में हिन्दू एकता व राष्ट्रभाव का संकल्प, पुजारियों, समाजसेवियों व खिलाड़ियों का हुआ सम्मान





स्मार्ट हलचल|कोटा

जवाहर नगर-तलवंडी क्षेत्र में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रवादी चेतना का सशक्त मंच बना। सम्मेलन में हिन्दू एकता, देशभक्ति, सेवा और संस्कृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। सम्मेलन के अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने कहा कि हिन्दू समाज की संगठित शक्ति ही राष्ट्र को सुदृढ़ बना सकती है। मुख्य वक्ता देवेन्द्र मालव, महानगर प्रचार प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर समाज को संस्कार, सेवा और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ाना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। परम पूज्य सद्गुरु प्रभाकर साहब ने हिन्दू एकता को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया, जबकि बाल किशन महाराज ने धर्म, संस्कृति और सेवा को जीवन का मूल मंत्र बताया।

राष्ट्रीय कवि निशा मुनी गौड़ ने काव्यपाठ के माध्यम से देशभक्ति का भाव जागृत किया। कार्यक्रम से पूर्व श्रीराम मंदिर जवाहर नगर से गायत्री मंदिर तलवंडी तक भव्य मध्य कला यात्रा निकाली गई। मंच संचालन राम स्वरूप शर्मा द्वारा किया गया।

### खिलाड़ियों, सफाईकर्मियों व समाजसेवियों का सम्मान

सम्मेलन में राष्ट्रीय खिलाड़ी खजान सिंह को पुनः विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सफाई सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पप्पू बाल्मीकि, रामचरण बाल्मीकि, अशोक बाल्मीकि, दिनेश पंकज बाल्मीकि एवं हेमराज बाल्मीकि को सम्मानित किया गया। श्रीराम मंदिर जवाहर नगर के लिए भूमि दान करने वाले डॉ. राकेश अग्रवाल को विशेष सम्मान दिया गया। गौ-सेवा क्षेत्र में 20 वर्षों से सक्रिय मदनलाल गर्ग एवं के.के. माहेश्वरी व बृज मोहन माहेश्वरी को भी सम्मानित किया गया। निःशुल्क भोजन सेवा (फूड टेम्पल) के लिए राजेश माहेश्वरी, मनीषा पतीरा का सम्मान किया गया । योग क्षेत्र में योगदान के लिए रमेश गोयल, शकुन्तला गुप्ता , का सम्मान किया गया । नरेश पालीवाल, मुकेश प्रजापति, राम मनोहर शर्मा,जगदीश प्रजापति, नरेन्द्र शर्मा, मुकेश गौतम, राजेन्द्र गौतम, निर्मला गौतम , सूरजलता शर्मा, उर्मिला गौतम, रेखा पालीवाल, हनुमान गुप्ता, योगेश गुप्ता, ज्योति यादव, योगिता चतुर्वेदी सहित अनेक समाजसेवियों द्वारा सम्मान प्रदान किया गया।

### मंदिर पुजारियों का अभिनंदन

भगवान की सेवा में समर्पित पुजारियों पं. ललन झा (काली माता मंदिर), पं. बनवारी लाल शर्मा (माताजी मंदिर), पं. दीनदयाल गौतम, पं. रामचन्द्र शर्मा (गोदेश्वर हनुमान मंदिर), पं. जुगल किशोर (गायत्री मंदिर तलवंडी) सहित क्षेत्र के अन्य पुजारियों का सम्मान किया गया।

### आयोजन समिति सक्रिय पदाधिकारी

आयोजन समिति में रामकुमार मेहता, चन्द्रशेखर गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, देबु राही, रामस्वरूप शर्मा, गोकुल यादव, शरणलता मेहता, दीपू जोशी, सुरेन्द्र कलवार, सुदर्शन गौतम, राजेन्द्र मित्तल, जगदीश विजय, जे.पी. शर्मा, राम मनोहर शर्मा, सत्यनारायण जैन, हनुमान गुप्ता, केदार खंडेलवाल, सुरेश सोनी, सहित अनेक पदाधिकारीयो भी सम्मान किया।

# सूरौठ पुलिस ने 3 इनामी बदमाशों सहित 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे 'एरिया डोमिनेशन' व 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 3 इनामी बदमाशों सहित 7 जनों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर ने बताया कि अलग-अलग मामलों में वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए सूरौठ पुलिस ने जाल बिछाया। पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे 2-2 हजार रुपये के इनामी बदमाश जितेन्द्र गुर्जर (28) और वीरा उर्फ बीरम (25) निवासी विच्छीन का पुरा आरेनी को गिरफ्तार किया। ये दोनों आरोपी बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे थे और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर थे। एक अन्य महत्वपूर्ण सफलता में पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी पप्पू कुमार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई केवल इनामी बदमाशों तक सीमित नहीं रही। टीम ने हिण्डौन सिटी न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट की तामील करते हुए गोविन्द प्रसाद पुत्र राम खिलाड़ी चौवदार की ढाणी सोमला को डिटेन कर गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए धंधावली निवासी जयसिंह जाटव को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 55 पव्वे देशी शराब बरामद की गई है।

इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी सोहन सिंह, एएसआई साहब सिंह, विष्णु कुमार सहित कई जवान शामिल रहे। बदमाशों को गिरफ्तार करने में कॉन्स्टेबल देशराज गुर्जर की मुख्य भूमिका रही।

# महाशिवरात्रि पर चौरसिया समाज का दो दिवसीय भव्य महोत्सव

स्मार्ट हलचल|कोटा

श्री चौरसिया समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 एवं 16 फरवरी 2026 को दो दिवसीय भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री नंदीश्वर महादेव मंदिर, चौरसिया समाज परिसर, खेडली फाटक (नंदाजी की बाड़ी), कोटा में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न होगा।

श्री नंदीश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश चौरसिया ने बताया कि आशुतोष भगवान श्री नंदीश्वर महादेव की असीम कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है।

15 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे कलश एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ नंदीश्वर महादेव मंदिर परिसर से होगा। शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी। इसी दिन रात्रि 8 बजे शिवलिंग पर विशेष पूजा-अर्चना एवं शिव परिवार महा रुद्राभिषेक किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

चौरसिया पंचायत आर्थिक उत्थान समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चौरसिया ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है, ताकि आयोजन को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जा सके।

आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री जितेंद्र चौरसिया (एडवोकेट) ने बताया कि 16 फरवरी 2026, सोमवार को हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात समाज के सभी सदस्यों के सहयोग से महाप्रसादी का आयोजन होगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का जयपुर में सम्मान



स्मार्ट हलचल

**करौली।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा सभी नव-नियुक्त जिला अध्यक्षों के सम्मान समारोह एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करौली जिले के अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट अब्दुल मुगनी खान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की रीति-नीति से नव-नियुक्त पदाधिकारियों को अवगत कराना तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.डी. चोपदार, प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) ने की। अपने संबोधन में एम.डी. चोपदार ने कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को पार्टी की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि संगठन की ताकत जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पदाधिकारियों से ही बनती है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त अध्यक्षों से कांग्रेस के हाथ मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने की अपील की।इस मौके पर पीसीसी महासचिव आर सी चौधरी, जिला अध्यक्ष जयपुर शहर सुनील शर्मा,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

# विराट धर्म सभा में संतुलित विकास व सांस्कृतिक चेतना का संदेश

### विराट धर्म सभा में संतुलित विकास का आह्वान, संस्कृति से ही राष्ट्र का उत्थान संभव : साध्वी मधु जी महाराज

स्मार्ट हलचल|कोटा



विज्ञान नगर स्थित आर्य समाज में आयोजित विराट धर्म सभा एवं हिंदू सम्मेलन में साध्वी मधु महाराज (बालिका आश्रम) ने कहा कि वास्तविक विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनुष्य, समाज, परिवार और प्रकृति के संतुलित उत्थान से जुड़ा है। उन्होंने राष्ट्र के लिए स्व-बोध, पूर्वजों की पहचान, प्राचीन संस्कृति, भाषा और साहित्य के ज्ञान को अनिवार्य बताया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विष्णु ने कहा कि माता-पिता एवं सास-ससुर की सेवा करने वालों पर संकट नहीं आता। भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है, इसके लिए संस्कृति को अपनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुशील सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत बृजमोहन पंचोली, प्यारेलाल जोशी, अनिल ठौरा, चेतन जैन, श्याम शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश लखेरा, संजय त्रिपाठी, गोवर्धन लाल, रेखा लखेरा, कैलाश अग्रवाल, कैलाश सोनगरा, नेमीचंद, कमलाकांत, राकेश चड्डा, गिरिराज गुप्ता, मनोज नामा, रमेश सर्राफ एवं विनोद बाहुबली ने किया।

स्वागत भाषण में अनिल ठौरा ने पारंपरिक प्रतीकों–जनेऊ, कलावा, तिलक, चोटी, चूड़ी, सिंदूर, बिछिया व साड़ी–के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित अशोक शर्मा शास्त्री ने की, जबकि डॉ. रामेश्वर अग्रवाल व डॉ. सुनील सोनी ने भी विचार रखे।

विशिष्ट उपलब्धियों के लिए डॉ. गरिमा भार्गव, रामकिशन शर्मा, डॉ. एस.एन. सिंघल, सुनील दुबे, सोनाक्षी चतुर्वेदी एवं पुरुषोत्तम शर्मा का तिलक-माला, दुपट्टा व प्रतीक-चिह्न से सम्मान किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में न्यू किड्स स्कूल की बालिकाओं का समूह नृत्य, डॉ. गरिमा भार्गव टीम व सोनाक्षी चतुर्वेदी का कथक तथा गोदावरी धाम अखाड़ा टीम का शौर्य प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा।

कार्यक्रम का संचालन पी.के. हरसोरा व बृजमोहन पंचोली ने किया तथा आभार कौशल रस्तोगी ने व्यक्त किया। समापन पर लगभग ढाई हजार लोगों ने सामूहिक भारत माता की आरती की व सहभोज हुआ। प्रातः आर्य समाज परिषद में रामकृष्ण वर्मा शर्मा के नेतृत्व में विश्व शांति महायज्ञ में लगभग 50 जोड़ों ने आहुतियाँ दीं, इस अवसर पर विज्ञान नगर दुल्हन की तरह सजा।

# रेल यात्रा में पहचान पत्र अनिवार्य, नियमों की अनदेखी पर बिना टिकट मानी जाएगी यात्रा

### आरक्षित श्रेणी में सफर के दौरान मूल पहचान पत्र प्रस्तुत न करने पर सभी यात्रियों पर कार्रवाई का प्रावधान

स्मार्ट हलचल|कोटा

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार यात्रा के दौरान निर्धारित पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

रेलवे बोर्ड के अनुसार, आरक्षित श्रेणी में यात्रा करते समय यात्रियों के समूह में से कम से कम एक यात्री को निर्धारित पहचान पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो संबंधित सभी यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाला माना जाएगा और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, जिन यात्रियों ने किसी विशेष श्रेणी के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत टिकट बुक कराया है अथवा किसी प्रकार की रियायत का लाभ लिया है, उन्हें अपनी पात्रता एवं दावे की पुष्टि हेतु वैध प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में रियायत अथवा आरक्षण सुविधा अमान्य मानी जाएगी।

रेलवे बोर्ड ने इन निर्देशों के सख्त अनुपालन पर विशेष जोर देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में संचालित रेल सेवाओं–जैसे भारत-नेपाल, भारत-बांग्लादेश आदि मार्गों–पर पहचान सत्यापन को और अधिक सतर्कता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

रेलवे प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचा जा सके।

## पुरानी रंजिश में महिला पर हमला

# लाठी-डंडों से मारपीट में महिला व बेटियां घायल

स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर

थाना क्षेत्र के रोहिल्लापुर गांव निवासी हसीना पत्नी रियाजुल हसन ने परिवार के ही कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार, 8 फरवरी को वह अपने खेत में कार्य करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही एजाज अहमद, नसरीन बानो, जाफरीन, ननका सहित अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब हसीना ने इसका विरोध किया, तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

मारपीट के दौरान महिला के सिर, चेहरे एवं शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। वहीं, महिला का बचाव करने पहुंची उसकी दोनों बेटियों के साथ भी दबंगों ने जमकर मारपीट की, जिससे वे भी घायल हो गईं।

घटना के संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फूड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन, लाइसेंस वितरित

स्मार्ट हलचल




**जुरहरा।** आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सोमवार को जुरहरा क़स्बे में दुर्गा डेयरी पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियन्त्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.विजय सिंघल के निर्देशन खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्रसिंह के द्वारा फूड लाइलेन्स एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकतर का मौके पर ही लाइसेंस बनाकर खाद्य अनुज्ञापत्र जारी कर कारोबारियों को सौंपे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिन कारोबारियों का वार्षिक व्यवसाय 12 लाख रुपए से कम है उनके लिए रजिस्ट्रेशन व जिनका कारोबार 12 लाख से अधिक है उनके लिए स्टेट लाइसेंस लेना आवश्यक होता है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की अनुपालना कराने व आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह कैम्पों को लगाया जा रहा है।

शिविर में ठेली वाले, चाट पकोडी वाले, दूध वेण्डर (हॉफर) व सब्जी विक्रेताओं को राज्य सरकार की स्कीम के तहत लाइसेंस निःशुल्क रूप से बनाए गए। सबसे अधिक आवेदन मिल्क वेंडर्स के प्राप्त हुए जिन्हें मौके पर ही लाइसेंस बनाकर वितरित किए गए। इस अवसर पर डेयरी उद्योग संघ से सुमित खंडेलवाल, हलवाई संघ से करन अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर मनाई 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती

**चित्तौड़गढ़।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर परमात्मा शिव भोलेनाथ की 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी आशा दीदी ने बताया कि परमात्मा शिव सर्वोच्च सत्ता है, जो सर्वधर्म मान्य और सर्व देवों के देव महादेव है। उनका यह पावन पर्व सभी भक्त व्रत, जागरण एवं श्रद्धापूर्वक पूजन के माध्यम से उल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस शिव जयंती पर हम सभी को अपने मन से कोई न कोई एक बुराई त्यागने का संकल्प अवश्य लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने परमात्मा शिव के प्रति अटूट आस्था प्रकट करते हुए जीवन को पवित्र बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आरटीओ विभाग से किशन तेली, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. सविता, डॉ. ज्योति धाकड़, साईं एस्ट्रो विज़न सोसायटी से हरदीप कौर एवं संजय गिल, लिटिल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विमला पाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीके कविता दीदी ने आत्मा तथा प्रतापगढ़ से आईं मीना दीदी ने परमात्मा शिव का परिचय कराया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों द्वारा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिज्ञा की गई।

# पुरुषोत्तम सूरौठ जांगिड़ ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष निर्वाचित




स्मार्ट हलचल|सूरौठ

जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सूरौठ नगर अध्यक्ष का चुनाव यहां हिंडौन मार्ग पर स्थित समाज की धर्मशाला में करवाया गया। इस दौरान कस्बा सूरौठ निवासी पुरुषोत्तम जांगिड़ को जांगिड़ ब्राह्मण समाज का निर्विरोध नगर अध्यक्ष चुना गया। आम सहमति से नगर अध्यक्ष चुने जाने के बाद समाज के लोगों ने पुरुषोत्तम जांगिड़ का भव्य सम्मान किया।

जांगिड़ ब्राह्मण समाज के निवर्तमान नगर अध्यक्ष बृजमोहन जांगिड़ कपूरा वालों का कार्यकाल पूर्ण होने पर नए अध्यक्ष के चुनाव हेतु सूरौठ कस्बे के जांगिड़ ब्राह्मण समाज के लोग कस्बे में स्थित समाज की धर्मशाला में एकत्रित हुए। जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सभी लोगों ने सर्व सम्मति से पुरुषोत्तम जांगिड़ को समाज का नगर अध्यक्ष निर्वाचित किया। इसके पश्चात कस्बे में बिरसा मुंडा मार्ग के पास सुभाष मीणा, संपत कटकड़िया, श्रीमोहन मीणा, दौलत मीणा, रोशन खान, दिलीप महावर सहित सर्व समाज के काफी लोगों ने जांगिड़ ब्राह्मण समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष पुरुषोत्तम जांगिड़ का साफे व मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

# नई हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों के त्वरित कार्यान्वयन की दिशा में रेलवे बोर्ड की महत्वपूर्ण पहल



रेलवे बोर्ड ने देश में नई हाई स्पीड रेल परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बजट 2026 में घोषित सात नई हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से बोर्ड स्तर पर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसके पश्चात कई निर्णय लिए गए।

सात प्रस्तावित हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों में मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी तथा वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन की जिम्मेदारी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।

रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि पहले से तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को वर्तमान लागत, परियोजना पूर्णता लागत आदि के अनुरूप संशोधित किया जाए, ताकि प्रोजेक्ट का सही आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त, पूरे भारत में हाई स्पीड रेल के लिए एक समान तकनीकी और परिचालन मानक को औपचारिक रूप से अंतिम रूप देने का दायित्व भी NHSRCL को सौंपा गया है।

अधिसूचना में प्रत्येक HSR परियोजना के लिए क्षेत्र में तैनात कोर टीम गठित करने, परियोजना-वार मुख्यालय निर्धारित करने, पूर्व-निर्माण गतिविधियों की सूची तैयार करने तथा अनुबंध दस्तावेजों की प्रक्रिया प्रारंभ करने पर भी बल दिया गया है। साथ ही, विभिन्न हाई स्पीड रेल परियोजनाओं के लिए पर्याप्त और प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन की योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नई परियोजनाओं की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी कॉरिडोरों के लिए परियोजना-वार मानव संसाधन का आकलन किया जाए, जिसमें भारतीय रेल से आवश्यक कार्मिकों की आवश्यकता को भी सम्मिलित किया जाएगा। इस पूरी कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। रेलवे की यह पहल देश में आधुनिक, सुरक्षित और तीव्र रेल संपर्क के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी।

# विद्यार्थी पढ़ लिखकर क्षेत्र सहित देश का नाम ऊंचा करें-विधायक मीणा

स्मार्ट हलचल



**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय की के पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण, पूर्व विद्यार्थी मिलन, भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महुवा विधायक राजेंद्रमीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश मीना, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सहाय तिवाड़ी, समाजसेवी विनीत बंसल महुवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पुत्र अवधेश अवस्थी सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभकिया गया। इसके बाद विधायक राजेंद्र मीणा सहित अतिथियों ने विद्यालय में संविधान कक्ष का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद मीना ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं की मांगों के साथ विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया।

इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं में अभिभावकों अध्यापकों को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र मीना ने कहा कि महुवा विधानसभा क्षेत्र में आमजन की राय के अनुसार विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं विकास कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने विद्यालय में पढ़ रही बेटियों से संवाद करते हुए उनके सपनों, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य पर विचार साझा किए।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि बेटियाँ हमारी शान हैं—उनकी शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण ही एक सशक्त और समृद्ध समाज की मजबूत नींव है।बेटियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग, अवसर और मार्गदर्शन देना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि विद्यालय की समस्त मूलभूत आवश्यकताओं को जल्द पूरा किया जावेगा। साथ ही विद्यालय परिसर की इंटरलॉकिंग कार्य, बंदरों से बचाव हेतु द्वितीय मंजिल के कक्षों पर लोहे का जाल व विद्यालय भवन की रंगाई-पुताई करने के लिए मौके पर ही महुवा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजेश मीणा आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा व अतिथियों ने विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं, उत्कृष्ट कार्य पर विद्यालय कार्मिकों तथा भामाशाहों का माला पहनकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ द्वारा सभी पधारे अतिथियो, दर्जनों प्रधानाचार्यो व गणमान्य नागरिकों का माल्यार्पण व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।प्रस्तुतियों पर अतिथियों ने नगद पुरस्कार देकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया।इस दौरान छात्राएं भावुक नजर आई। कार्यक्रम के अंत मेंअंत सीबीईओ कमलेश मीना ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन व्याख्याता उमेश सांवरिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजेश मीना, एसीबीईओ रामफल मीना, रामगोपाल मीना, महुवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपुत्र प अवधेश अवस्थी, टीकाराम स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रकांत शर्मा, भारत विकास परिषद के भारत मीना, प्रयास संस्था के राजन मीणा, नोरंग मीणा, राकेश मीणा, एसएमसी सदस्यदिनेश बंसल, राम गोपाल शर्मा, प्रधानाचार्यो में प्रमिला गुप्ता, रामगोपाल शर्मा, रामनिवास मीना, हेतराम मीना, गोपाल प्रसाद शर्मा, कृष्णा शर्मा, जगराम मीना, दिनेश मीना, भरतलाल मीना, रेखा मीना, शकुंतला मीना, श्वेता बंसल, चेतराम मीना, प्रहलाद मीना, मानसिंह मीना, गुजराती टेलर सहित अभिभावक व सैंकड़ों छात्राएं व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने मनोहरपुर व महुवा एसडीएम कार्यालय की सड़कों का किया उद्घाटन

स्मार्ट हलचल



**महुवा।** महुवा विधायक राजेंद्र मीणा ने सोमवार कोविधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनोहरपुर स्थितभैरू बाबा मंदिर पर एसएच-22 से करीरी तक 350 लाख की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का आमजन एवं कार्यकर्त्ता बंधुओं के साथ विधिवत शिलान्यास किया।

वही महुवा बाईपास स्थित उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने ठेकड़ा स्ठह कार्यालय, मिश्रीलाल हाउस होते हुए आईटी केंद्र महुवा धतूरीतक 50 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी. सड़क का आमजन एवं कार्यकर्त्ता बंधुओं के साथ शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित आम जन को संबोधित करती है विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कियह सड़कों वर्षो से आमजन की महत्वपूर्ण मांग रही है। इसके निर्माण से बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं दूर-दराज़ से आने वाले लोगों को सरकारी कार्यालयों तक पहुँचने में बड़ी राहत मिलेगी। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि आमजन की सुविधा, विश्वास और विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।

जनसेवा, जनसरोकार और जनविकास के संकल्प के साथ यह कार्य महवा क्षेत्र को नई दिशा देगा।

यह सड़क क्षेत्र के आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुश्री मनीषा रेशम, तहसीलदार पृथ्वीराज मीणा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम अवस्थी, एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, महुवा प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपुत्र अवधेश अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सहाय तिवारी,सतीश नौगरंगपुरा,रोशन टहलडी सहित अनेक गणमान्य नागरिक आमजन सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सतवाड़ा में 9वें मीणा समाज विवाह सम्मेलन की बैठक हुई

## जोड़ों की रजिस्ट्रेशन फीस 45 हजार तय, रजिस्ट्रेशन चालु 1 मई को होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल



रविवार को माताजी जी हथाई पर आदर्श मीणा ना समाज सम्मेलन की मिटिंग का आयोजन रखा गया है मीटिंग का आयोजन चामुंडा राजरानी मातेश्वरी हडचुर कुलदेवी के परिसर में आयोजित हुई इसने अध्यक्ष श्री श्योपाल जी मीना ने पिछली मिटिंग के बारे में बताया गया और आज की मिटिंग में जोड़ो की राशी व दहेज़ पर चर्चा की गई व सतवाडा के पंचों ने प्रस्ताव रखा है की अबकी बार सम्पूर्ण सम्मलेन कि भोजन कि व्यवस्था सतवाडा गांव कि तरफ से रखी जायेगी।समिति में यह निर्णय लिया की सम्मेलन में प्रत्येक जोडे पर (45, 000) रु रजिस्ट्रेशन फीस रखी गई है।जो भी रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं वह समिति सचिव देवलाल मीणा सतवाडा से सम्पर्क कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन चालु।सतवाडा में 9वां मीणा समाज विवाह सम्मेलन 1 मई को आयोजित किया जाएगा।यह आयोजन पीपल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भेरुजी महाराज के स्थान, घाड़ रोड़, सतवाडा में होगा।मीणा समाज विवाह एवं आदर्श मीणा समाज सेवा समिति सतवाडा द्वारा इसका तत्वावधान किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष श्योपाल मीणा ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में फिजूलखर्ची को रोकना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है।

इच्छुक वर-वधू सम्मेलन कार्यालय में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। समिति ने विवाह समारोह को गरिमामय और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।बैठक में ये लोग रहें मैजुद सम्मेलन समिति अध्यक्ष श्योपाल मीणा, (पूर्व प्रधान उगेन), कार्यकारिणी अध्यक्ष हेमराज मीणा, (चन्दवाड सरपंच), उपाध्यक्ष रामपाल मीणा उगेन, मनीष मीणा मेम्बर सतवाडा,

मीडिया प्रभारी, अविनाश मीणा घाड़, (दैनिक भास्कर डिजिटल संवाददाता घाड़), मायाराम मीणा सतवाडा, (डी एल कंस्ट्रक्शन कंपनी घाड़) मुकेश मीणा अरनिया, हरिराम मीणा चंदवाड, राधेश्याम मीणा सतवाडा , बाबूलाल सरपंच उगेन, मोहन लाल मीणा धुवां खुर्द, लादू लाल (पूर्व नायब तहसीलदार सतवाडा), रामनिवास मास्टर सतवाडा, चन्द्र प्रकाश (पूर्व सरपंच सतवाडा) रामसहाय (अध्यापक उगेन) शिवपाल (राजस्थान पब्लिक स्कूल सतवाडा) राम चंद्र रामनिवास, रामलाल, रमेश, महेंद्र, मोतीलाल, मायाराम (व्याख्याता )अर्जुन लाल, बद्री लाल बाजोली, बनवारी लाल, राजू लाल, बद्रीलाल, राजू लाल, भेरूलाल, काशीराम, इंदर सिंह, अविनाश डीकला ( बैंक अधिकारी), जगदीश, प्रभु लाल, मोतीलाल, रामलाल (अध्यापक खेड़ा), विनोद (अध्यापक सतवाडा ) आदि मौजूद रहे।

# दहेज रूपी बुराई को त्यागने से ही समाज का विकास - शाह महवा राजस्थान ग्रुप

स्मार्ट हलचल



**महवा।** शाह फकीर समाज की कावटिया सर्किल स्पाईक किंग जयपुर में बैठक आयोजित हुई, जिसमें दहेज प्रथा के खिलाफ जमकर आवाज उठाई गई। बैठक में कौम को बेहतर शिक्षा, समाज के लिए हॉस्टल बनाने की पुरजोर मांग की गई।

बैठक की अध्यक्षता हाजी युसूफ शाह खिरनी सवाई माधोपुर ने की। बैठक में दौसा जिले से पहुंचे एपीएस टीम के प्रमुख एफ आर शाह महुआ ने दहेज का पुरजोर विरोध किया। इसे समाज के लिए एक बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा न केवल महिलाओं के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

शाह ने कहा कि दहेज प्रथा के कारण कई परिवारों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होना पड़ता है। इसे दहेज प्रथा को कानूनी तौर पर करने, दहेज लेने एवं देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने, तथा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई।

इस बुराई को त्यागने से ही समाज का विकास संभव है। शाह ने कहा कि समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता पैदा होनी चाहिए। इसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता अभियान चलाने, स्कूलों और कॉलेजों में दहेज प्रथा के खिलाफ संगोष्ठियों का आयोजन, मीडिया के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ प्रचार किया जाए, दहेज प्रथा के खिलाफ एकजुट होने, दहेज लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की पुरजोर मांग की।

शाह की इस पहल की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि यह समाज के लिए एक बड़ा कदम है। उम्मीद है कि अन्य समाज भी दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाएंगे और इसे खत्म करने में मदद करेंगे।

इस मौके पर जहां वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष फारूख शाह एवं टीम सहित उपस्थित लोगों ने शाह का अभिनंदन किया। इस मौके पर शहजाद लूनियावास, एडवोकेट इकरामुद्दीन खिलजी, मास्टर ईस्माइल, बाबुद्दीन भाई नागौर, शाहिद भाई, हनीफ भाई, मोइनुद्दीन आमेर, हबीब भाई ताज, मोहम्मद अली अजमेर, इनायत, अकरम, इस्लाम, जमालूदीन अलवर आदि मौजूद थे। मंच संचालन रमजान भांडारेज ने किया।

# आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदी के व्याख्याता अध्यापक कृष्णावतार मीणा को किया सम्मानित



स्मार्ट हलचल

निवाई नगरपालिका क्षेत्र में संचालित आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदी के व्याख्याता अध्यापक कृष्णावतार मीणा को हिंदी विषय में 95% से अधिक अंक के दसवीं बोर्ड में छात्रा-छात्राओं को दिलाने के उत्कृष्ट कार्य परिणाम देने पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निवाई के प्रिंसिपल गिर्राज गुर्जर द्वारा 2100/ रुपए पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने व्याख्याता कृष्णावतार मीणा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि व्याख्याता कृष्णावतार मीणा की मेहनत और पारदर्शी शिक्षण पद्धति से विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है तथा यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों व विधार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।

# साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देलवाड़ा रोड ब्यावर में,राजस्थान सरकार की बालिका प्रोत्साहन योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल का वितरण प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल की अध्यक्षता में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य रामनारायण तर्क, कमलेश बंट, पार्षद हरीश सांखला, सत्यनारायण शर्मा के आतिथ्य, अभिभावकों की उपस्थिति में 24 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों ने बालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने सामाजिक जीवन को उन्नत बनाने की प्रेरणा दी, घर परिवार में बालिका शिक्षा की बहुत आवश्यकता है अतः सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। बालिकाओं ने बताया विद्यालय आने जाने में अब कोई परेशानी नहीं होगी आने जाने के समय का सदुपयोग शिक्षण में किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

प्रभारी रुचि दाधीच के अनुसार कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य राज राठौड़ ओमप्रकाश कुमावत प्रेमराज भाटी व्याख्याता प्रदीप कुमार पूजा सिरोया सुनीता गहलोत संजय कुमार दगदी प्रतिभा ब्रह्मवार मुरली धर जाटव रुचि दाधीच योगेंद्र युवराज सिंह जितेश कुमार सीमा गोड़ माया गर्ग चंद्रकला शर्मा ममता शर्मा विजयलक्ष्मी जैन गौरव हंसराजानी गौरव तपस्वी आरती खंडेलवाल राजलक्ष्मी चौहान दिया सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# नारायणपुर में सिविल न्यायालय खोलने की मांग, अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में सोमवार को थानागाजी अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नरेश शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नारायणपुर उपखंड स्तर पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय स्थापित करने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने बताया कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के न्यायिक क्षेत्राधिकार को अलवर जिले के थानागाजी से हटाकर कोटपुतली-बहरोड़ जिले में शामिल किए जाने के बाद स्थानीय पक्षकारों को न्यायिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि भौगोलिक दूरी बढ़ने से पक्षकारों के न्यायिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और यह स्थिति सरकार की सस्ती, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की मंशा के विपरीत है। अधिवक्ता समीक गंगावत ने बताया कि मांगों के समर्थन में अभिभाषक संघ मंगलवार को उपखंड कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेगा तथा क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बुधवार से अभिभाषक संघ द्वारा उपखंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान एडवोकेट भागीरथ सैनी, रविंद्र शर्मा, राहुल टेलर, गोपीराम शर्मा, विजय महर्षि, रामपाल सैनी, महेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, रामकृष्ण चौपड़ा, अर्जुनलाल वर्मा और राजेन्द्र वर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर वनखण्डी धाम डूहा बिहरा में शिवभक्ति साधना व सेवा का विराट संगम

## रुद्राभिषेक सहित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल



**बलिया।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डूहा बिहरा स्थित श्री वनखण्डीनाथ (श्री नागेश्वर नाथ) मठ शिवभक्ति और जनसेवा का अद्भुत केंद्र बनने जा रहा है, जहां पूज्य स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी (मौनी बाबा) के पावन सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठानों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 फरवरी 2026, शनिवार को अखण्ड कीर्तन से होगा, जिसमें निरंतर शिव नाम की गूंज से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठेगा। 15 फरवरी 2026, रविवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ भगवान शिव का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। इसी दिन हवन-पूजन, चरणपादुका पूजन और भजन-कीर्तन का भी आयोजन होगा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। सायं 6 बजे से भगवान नागेश्वर नाथ महादेव की भव्य श्रृंगार आरती संपन्न होगी, जिसमें दीप, धूप और मंत्रोच्चार से मठ परिसर शिवलोक सा प्रतीत होगा। कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। इस महाआयोजन की सबसे विशेष बात यह है कि इसे केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखकर मानव सेवा से भी जोड़ा गया है।

डॉ0 देवेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष श्री वनखण्डीनाथ मठ सेवा संस्थान, डूहा बिहरा बलिया की सक्रिय पहल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क दिया जाएगा। डॉ0 देवेन्द्र सिंह ने कहा कि शिव आराधना का वास्तविक स्वरूप तब पूर्ण होता है जब उसमें जनकल्याण और सेवाभाव जुड़ा हो। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह शिविर लोगों के लिए बड़ी राहत बनेगा। सामाजिक और धार्मिक सेवा में लंबे समय से सक्रिय डॉ0 देवेन्द्र सिंह के प्रयासों से मठ सेवा संस्थान की पहचान एक सेवा केंद्र के रूप में भी मजबूत हो रही है।यह आयोजन श्री वनखण्डीनाथ (श्री नागेश्वर नाथ) मठ सेवा संस्थान के सौजन्य से किया जा रहा है, जबकि शिवेन्द्र ब्रह्मचारी (उड़िया बाबा), अध्यक्ष द्वय श्री वनखण्डीनाथ मठ एवं अद्वैत शिवशक्ति परमधाम, डूहा बिहरा इसके प्रमुख सूत्रधार हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व को भक्ति, साधना और सेवा के साथ मनाने की अपील की है। डूहा बिहरा और आसपास के क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और दूर-दराज से भक्तों के पहुंचने की संभावना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में सेवा और एकता का संदेश भी देगा,जिससे महाशिवरात्रि पर बलिया की धरती हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो उठेगी।

# पुष्कर में गणपति नगर में होगा आज फाग महोत्सव होगा



स्मार्ट हलचल

पुष्कर / अजमेर / धार्मिक नगरी पुष्कर में मंगलवार को गणपति नगर के श्रीजी निकुंज में सुन्दर कांड के साथ साथ फाग महोत्सव होगा ।

यह जानकारी देते हुए प्रीति निशान्त पाराशर ने बताया कि नव निर्मित श्रीजी निकुंज में भगवान द्वारिकाधीश की झांकी सजाई जायेगी । सुन्दर कांड का पाठ एवं फाग महोत्सव के गीत एवं भजन गिरी एवं पार्टी द्वारा की जायेगी ।

नव निर्मित गृह प्रवेश के पूर्व रामकृष्ण मिशन विवेकानंद समिति के सेक्रेटरी स्वामी आत्मनिष्ठानंद एवं संतों ने पदार्पण किया । श्रीजी निकुंज की भव्यता की प्रशंसा करते हुए निशान्त पाराशर को आशीर्वाद दिया।

# नांगलहेड़ी में सड़क हादसे का शिकार हुआ लेपर्ड, वन विभाग ने कराया पोस्टमार्टम

बानसूर। नारायणपुर क्षेत्र के नांगलहेड़ी गांव के पास सोमवार सुबह नारायणपुर-कुशालगढ़ रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में लेपर्ड की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लेपर्ड की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बाद में लेपर्ड के शव को तालवृक्ष रेंज कार्यालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया।

वन विभाग के रेंजर त्रिलोक कुमावत ने बताया कि मृत लेपर्ड नर था और उसकी उम्र लगभग ढाई वर्ष थी। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण सड़क दुर्घटना सामने आया है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र वन्यजीवों की आवाजाही वाला है, जहां तेज रफ्तार वाहन लगातार खतरा बन रहे हैं। वन विभाग ने आमजन से सावधानी बरतने और वाहन गति नियंत्रित रखने की अपील की है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com